आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 8 नवंबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-221 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

13 को छग आएंगे पीएम मोदी

रायपुर 8 नंवबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के तमाम दिग्गज नेताओं के प्रदेश में ताबड़तोड़ दौरे जारी है. इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवंबर को छत्तीसगढ़ के दौरें पर रहेंगे। प्रदेश के महासमुंद और मुंगेली जिला में आम सभा को संबोधित करेंगे। राजधानी रायपुर की चार विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो करेंगे। बीजेपी का छत्तीसगढ़ में फुल फोकस है।

अमित शाह आज रात पहुंचेंगे रायपुर

रायपुर 8 नंवबर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक बार फिर छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंच रहे हैं. शाह आज रात को रायपुर पहुंचेंगे और कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रात्रि विश्राम करेंगे. गृहमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है. उनके आगमन की तैयारी शुरू कर दी है. अमित शाह कल जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, रायगढ़ और चंद्रपुर विधानसभा के दौरे पर रहेंगे. दो विधानसभाओं में सभाएं लेंगे. वहीं 3 विधानसभाओं में रोड शो करेंगे. 15 नवंबर को भी अमित शाह का दौरा संभावित है.

महंगाई भते परअधिकारी चुनाव आयोग से अनुमति लें: सीएम बघेल

रायपुर 8 नंवबर। छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को केंद्र के समान 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता जल्द मिल सकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वो कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने के लिए निर्वाचन आयोग से विधिवत अनुमति दे। दरअसल प्रदेश में अभी कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जबकि केंद्र सरकार ने पिछले महीने ही डीए में चार प्रतिशत की बढोत्तरी की है, जिसके बाद केंद्रीय कर्मचारियों और कई राज्य के कर्मचारियों को 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलने लगा है।इधर प्रदेश में अभी भी कर्मचारियों को 42 प्रतिशत ही महंगाई भत्ता मिल रहा है। लिहाजा चुनावी साल में कांग्रेस का एक और बड़ा मास्टरस्ट्रोक चलते हुए, कर्मचारियों को साधने के लिए केंद्र के समान डीए देने की तैयारी की है। सीएम ने एक्स पर लिखा है कि अधिकारियों को निर्वाचन आयोग से विधिवत अनुमित प्राप्त का निर्देश दिया है।

सीलिंग के बाद स्ट्रांग रूम के मुख्य द्वार के शटर में ताला

कवर्धा 8 नंवबर। भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक अजय कुमार गुप्ता, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे, रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई।

भिलाई में पकड़ा गया आतंकवादी

रायपुर 8 नंवबर। भिलाई नगर के स्मृति नगर स्थित एसबीआई कालोनी में किराये के मकान में रह रहे आतंकवादी अब वजीहुद्दीन को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी एटीएस यूपी ने भिलाई पुलिस की मदद से की है। इस आंतकवादी की बड़े दिनों से तलाश थी।

राजधानी व दल्ली में आईटी भिलाई में ईडी का छापा

■ रायपुर 8 नवंबर

त्योहारी व चुनावी शोर के बीच बुधवार को आयकर विभाग ने रायपुर व दल्लीराजहरा में छापा मारा। वहीं ईडी ने भिलाई में छापा मारकर पटाखा व्यवसायी को हिरासत में ले लिया है।

आयकर विभाग की टीमें सुबह दल्लीराजहरा में देव माइनिंग कंपनी के दफ़्तर पहुँची और जाँच-पड़ताल शुरू कर दी। कंपनी के एक संचालक सौरभ जैन के रायपुर में शैलेंद्र नगर स्थित निवास पर भी आयकर टीम ने दबिश दी है। उनका खनन, परिवहन का बड़ा कारोबार है।

वहीं ईडी ने भिलाई के पदुम नगर स्थित घिंघानी फ़ायर वर्क्स के संचालक सुरेश घिंघानी के घर सुबह दबिश दी। कुछ देर की पड़ताल और पूछताछ के बाद कुछ अफसर 1 गाड़ी में कारोबारी के बेटे विवेक घिंघानी को लेकर रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि वे सभी वसुंधरा नगर स्थित गोदाम गए हैं। भिलाई 3 में पुलिस पेट्रोल पंप के सामने स्थित दुकान और पदुम नगर स्थित घर पर कार्यवाही जारी है। इस परिवार का राजधानी के पंडरी रोड पर भी पटाखे की दुकान है। कुछ परिजन रायपुर मे भी निवासरत हैं। इनके ठिकानों पर ईडी ने बीते महीने भर में दूसरी बार दबिश दी है।

जिले के दल्लीराजहरा स्थित देव माइनिंग कंपनी के ऑफिस में आईटी की रेड पड़ी है. आज सुबह से ही चल रही आईटी की कार्रवाई से जिले के कारोबारियों में हड़कंम मचा हुआ है. बता दें कि देव माइनिंग के मालिक सुमित लोढ़ा सौरभ लोढ़ा का माइनिंग ट्रांसपोर्ट से जुड़ा लंबा करोबार है. इनके रायपुर स्थित घर में भी आईटी की टीम ने दबिश दी है.

दोनों भाइयों का ढुलकी माइंस, गिधाली माइंस, कच्चे माइंस, रावघाट माइंस, दल्लीराजहरा माइंस में माइनिंग और ट्रांसपोर्ट का बड़ा कारोबार है. जो अधिकारी अंदर जांच कर रहे हैं उनमें से एक महिला अधिकारी ने पत्रकारों के पूछने पर बताया कि आईटी की रेड है, लेकिन सोशल मीडिया में इसे ईडी की रेड की खबरें बताई जा रही है.

बताया जा रहा कि रायपुर में भी सुमित लोढ़ा और सौरभ लोढ़ा का मकान ओर ऑफिस है. यहां भी आईटी की टीम ने दबिश दी है. सुमित लोढ़ा स्थानीय कांग्रेसी नेताओं के करीबी माने जाते हैं. दोनों भाइयों का करोड़ों का कारोबार है. डौंडी में भी बायो डीजल पंप है, जिसका उद्घघाटन विधानसभा उपाध्यक्ष रहे स्वर्गीय मनोज मनोज मंडावी ने किया था.

प्रदर्शन....

रायपुर 8 नवंबर। इंडिया गॉट टैलेंट के विजेता बस्तर के मलखंभ खिलाड़ियों ने आज प्रेस क्लब में अपनी कला का प्रदर्शन किया।

मुझे लगा था पहले चरण का एक्जिट पोल कुछ दिनों बाद पता चलेगा, लेकिन साहेब ने आज सुबह ही बता दिया: भूपेश बघेल

रायपुर 8 नंवबर। चुनावी माहौल के बीच ईडी और आईटी पर सियासत जारी है. सीएम भूपेश बघेल ने एक बार फिर ईडी को लेकर तंज कसा है. साथ ही भाजपा को भी आड़े हाथ लिया है.

सीएम बघेल ने ट्वीट कर लिखा, मुझे लगा था पहले चरण का एक्जिट पोल कुछ दिनों बाद पता चलेगा. लेकिन साहेब ने आज सुबह ही बता दिया, सुबह-सुबह श्वष्ठ को मेरे नामांकन के दौरान मेरे साथ उपस्थित एवं मेरी निर्वाचन प्रक्रिया में आधिकारिक व्यय लेखक की भूमिका निभा रहे श्री सुरेश धिंगानी जी के यहां श्वष्ठ को भेज दिया है.मुझे लगा था पहले चरण का एक्जिट पोल कुछ दिनों बाद पता चलेगा. लेकिन साहेब ने आज सुबह ही बता दिया, सुबह-सुबह श्वष्ठ को मेरे नामांकन के दौरान मेरे साथ उपस्थित एवं मेरी निर्वाचन प्रक्रिया में आधिकारिक व्यय लेखक की भूमिका निभा रहे श्री सुरेश धिंगानी जी के यहाँ श्वष्ठ को भेज दिया है.

आगे सीएम बघले ने लिखा, पाटन विधानसभा की जनता को डराने की ये कोशिश वैसी ही विफलता मिलेगी, जैसे कल 20 सीटों पर मतदान में भाजपा को मिली है. छत्तीसगढ़ियों को कमजोर और कायर मत समझो साहेब, अपना चावल खाते हैं, वो भी पूरे स्वाभिमान से. बात हे अभिमान के, छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के।

बस प्रचार के समय छत्तीसगढ़ आते हैं पीएम मोदी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर एक बार जुबानी हमला किया है। दरअसल, मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ में लगातार होते चुनावी दौरे को लेकर है। जिसपर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है। लोरमी में पत्रकारों से बात करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री तो हैं ही साथ में वो भाजपा के प्रचार मंत्री भी हैं।

उन्होंने कहा कि, वो बस प्रचार के समय छत्तीसगढ़ आते हैं उसके बाद वो यहां नही आयेंगे। गौरतलब हैं कि मंगलवार को सूरजपुर में चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कई गंभीर आरोप भी लगाए थे। जिसमें महादेव के नाम को बदनाम करने का आरोप लगाया था।

पहले चरण में 76.47 फीसदी मतदान

सबसे ज्यादा बस्तर 84.65 और सबसे कम बीजापुर में 46 प्रतिशत मत पड़े

रायपुर 8 नवंबर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के 20 सीटों पर मंगलवार को हुए प्रथम चरण के मतदान के बाद निर्वाचन आयोग ने मतदान के (अनंतिम) आंकड़े जारी कर दिए हैं. प्रथम चरण में कुल 76.47 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 84.65 प्रतिशत और बीजापुर में सबसे कम 46 प्रतिशत मतदान हुआ है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने प्रथम चरण के मतदान की जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी समस्या की वजह से 62 कट्टोल यूनिट और 123 वीवीपेट बदले गए. केशकाल दुर्घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बैलेट बॉक्स जमा कर घर लौटते वक्त मतदान कर्मी हादसे का शिकार हुए, वहीं चुनाव के दौरान कुल 3 स्थानों पर नक्सल वारदात हुई. नक्सली घटना में प्रभावित जवानों का रायपुर के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मोहला-मानपुर में 78, अंतागढ़ में 79, भानुप्रतापपुर में 80, कांकेर में 81, केशकाल में 82, कोंडागांव में 83,

नारायणपुर में 84, दंतेवाड़ा में 88, बीजापुर में 89 और कोंटा में 90 प्रतिशत वोटिंग हुई थी. वहीं सुबह 8 से शाम 5 बजे तक हुए मतदान में पंडरिया में 71, कवर्धा में 72, खैरागढ़ में 73, डोंगरगढ़ में 74, राजनांदगांव में 75, डोंगरगांव में 76, खुज्जी में 77, बस्तर में 85, जगदलपुर में 86 और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में 87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया.उन्होंने बताया कि 2431 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की सुविधा रही थी. इसके साथ बस्तर के 12 विधानसभा क्षेत्रों में 126 नए मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे. इससे पहले अतिसंवेदनशील इलाका रहने के कारण स्थापित नहीं किए जा सके थे.

ईवीएम जमा कर घर लौट रहे 3 शिक्षकों की मौत

कोंडागांव 8 नवंबर। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. मिली जानकारी के मुताबिक, बहिगांव के पास ट्रक और बोलेरो के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है। इस हादसे में विधानसभा चुनाव कराकर मतपेटियां जमा करने के बाद कोंडागांव से लौट रहे तीन कर्मचारियों की मौत हो गई।

इस हादसे में शिव नेताम शिक्षक बेड़मा, संतराम नेताम शिक्षक (अंचलापारा धनोरा) और हरेंद्र उईके शिक्षक की मौत हुई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। मृतक शिव नेताम घंटों गाड़ी में ही फसा रहा, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला. हादसे में घायल हरेंद्र उईके को केशकाल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार केशकाल विधानसभा में चुनाव सम्पन्न कराकर तीनों शिक्षक ईवीएम जमा करने जिला मुख्यालय पहुंचे थे. ईवीएम जमा करने के बाद वहां से तीनों कर्मचारी अपने-अपने घर के लिए रवाना हुए, इस दौरान रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे 2 शिक्षकों की मौके पर ही मौत हो गई और एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान की मौत

कांकेर 8 नवंबर। चुनाव के दौरान छोटेबेटियां थाने के रेंगावाही में हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान शहीद हो गया है, इलाज के दौरान रायपुर में जवान ने दम तोड़ दिया है। बता दें कि पोलिंग पार्टी को ले जाते समय नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया था। जवान का नाम प्रकाश चंद है जो कि बीएसएफ का जवान था। एसपी दिव्यांग पटेल ने जवान के शहादत की पुष्टि कर दी है। रायपुर के श्री नारायणा हॉस्पिटल में जवान का इलाज चल रहा था। शहीद जवान मारबेड़ा स्थित बीएसएफ के 94वीं बटालियन में तैनात था। उड़ीसा के बालेश्वर का रहने वाला था। बता दें कि बीते दिन सोमवार को कांकेर के थाना छोटेबेटियां से बीएसएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी पोलिंग के 04 टीम को लेकर कैम्प मरबेड़ा से रेंगागोंदी मतदान केंद्र जा रही थी। उसी दौरान रेंगागोंदी के पास लगभग लगभग 16:00 बजे प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से बीएसएफ के आरक्षक चंद्रप्रकाश एवं पोलिंग पार्टी के 02 कर्मचारी घायल हुई। घायलों का इलाज छोटेबेटियां में किया जा रहा था। उस समय यह बताय गया था कि मतदान दल एवं सुरक्षाबल की टीम सुरक्षित रेंगागोंदी मतदान केंद्र पहुँच गए हैं।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार बाइक से टकराई

भोपाल 8 नवंबर

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल से जुडी बड़ी खबर सामने आ रही है. केंद्रीय मंत्री की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई. मंत्री पटेल की कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी है. इस हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है. हादसा उस समय हुआ जब प्रह्लाद पटेल छिंदवाड़ा से नरसिंहपुर वापस लौट रहे थे.

हादसे के कुछ देर बाद प्रहलाद पटेल दूसरे वाहन से नरसिंहपुर चले गए। अमरवाड़ा क्षेत्र के भुला गांव निवासी निरंजन चंद्रवंशी (35) निजी हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक थे। वह शाम को करीब चार बजे स्कूल से लौट रहे थे। बाइक पर बेटा निखिल (7), संस्कार (10) और जतिन (17) भी सवार थे। सामने से आ रही केंद्रीय मंत्री की कार से आमने-सामने की टक्कर हो गई। केंद्रीय मंत्री ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डाक्टरों ने निरंजन को मृत घोषित कर दिया। जतिन और निखिल के सिर में गंभीर चोट आई है। पटेल के जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। प्रहलाद पटेल भाजपा के स्टार प्रचारक हैं और वह यहां पदयात्रा करने आए हुए थे।

जानकारी अनुसार प्रहलाद पटेल छिंदवाड़ा में रोड शो के बाद नरसिंहपुर लौट रहे थे। इसी दौरान अमरवाड़ा से सींगोड़ी बाइपास पर खाकरा चौराई के पास काफिले में शामिल उनकी कार एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गई। गलत दिशा से एक मोटर साइकिल चालक आ गया था, जिसे बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ जिसमें केंद्रीय मंत्री की गाड़ी आगे से क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के मीडिया सलाहकार नितिन त्रिपाठी सहित बाइक सवार दो लोग भी घायल हो गए। प्रहलाद पटेल को मामूली खरोंच आई है और वे सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

आदिपुरुष लिखने में हुई बड़ी भूल: मनोज

मुंबई 8 नवंबर

आदिपुरुष फिल्म रिलीज के बाद अगर कोई शख्स सबसे ज्यादा टारगेट किया गया, तो वो थे फिल्म के राइटर मनोज मुंतशिर. मनोज को उनकी राइटिंग की वजह से सोशल मीडिया पर निगेटिविटी का सामना करना पड़ा था. अचानक से हुए विवाद के बाद जब मनोज ने अपनी सफाई भी दी, तो उस वक्त भी उन्हें नहीं बख्शा गया. आलम यह था कि बढ़ती निगेटिविटी से परेशान होकर उन्होंने न केवल कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक लिया बल्कि वो देश से दूर कहीं यात्रा पर भी निकल गए, खुद का आत्ममंथन करने. आज मनोज उन तमाम निगेटिविटी और विवादों से जुड़ी चीजों पर बात करने को तैयार हैं.

मनोज कहते हैं, लिखने में.. हां 100 प्रतिशत चूक हुई है इसमें कोई शक है ही नहीं. मैं इतना इनसिक्योर आदमी नहीं हूं

कि मैं अपनी राइटिंग स्किल को डिफेंड करता फिरूं कि मैंने तो अच्छा लिखा है. अरे सौ प्रतिशत गलती हुई है. लेकिन जब गलती हुई, तो उस गलती के पीछे कोई खराब मंशा नहीं थी. मैंने धर्म को ठेस पहुंचाने का और सनातन को तकलीफ देने का या भगवान राम को कलुषित करने का, हनुमान जी के बारे में कुछ ऐसा कह देने का जो नहीं है.. ऐसा उद्देश्य बिलकुल भी नहीं था. मैं ऐसा करने का कभी सोच भी नहीं सकता. हां कहने का ये मतलब है, गलती हुई है.. बहुत बड़ी गलती हुई है.. मैंने इस हादसे से बहुत कुछ सीखा है और बहुत बढ़ियां लर्निंग प्रोसेस रहा. आगे से बहुत एहतियात बरतेंगे. मगर ऐसा नहीं है कि अपनी बात करना छोड़ देंगे.

फिल्म को लेकर जब विवाद उठा, तो उनकी निजी जिंदगी पर क्या असर पड़ा. जवाब में वो कहते हैं, आप इंसान हैं.. पत्थर तो नहीं.. लाश नहीं.. हर चीज का फर्क पड़ता है. प्यार भी आपको अच्छा लगता है और जब आप पर पत्थर उछाले जाते हैं, तो उनसे भी आपको तकलीफ होती है. आपको इससे डील करना सीखना पड़ता है. मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस तरह का रिएक्शन रहेगा. कोई भी नहीं सोचता है. फिल्म तो बहुत ही अच्छी नीयत से बनाई गई थी न. 600 करोड़ अगर हम इस फिल्म में डाल रहे हैं, तो जाहिर सी बात है कि सभी चाहते हैं कि बेहतरीन बने. कौन चाहेगा कि इस फिल्म को बनाकर हम अपना करियर खत्म कर लें. जाहिर सी बात है इसके पीछे हमारा कोई एजेंडा नहीं था. बस चीजें खराब होती चली गई.

मनोज आगे कहते हैं, मुझे लगता है कि जब चीजें इतनी जोर-शोर से चल रही थीं, तो उस वक्त मुझे सफाई नहीं देनी चाहिए थी. ये मेरी सबसे बड़ी भूल थी. मुझे उस वक्त नहीं बोलना चाहिए था. अगर इससे लोग नाराज हुए हैं, तो उनकी नाराजगी जायज है. क्योंकि वो वक्त सफाई देने का नहीं था और वो गलती आज मुझे समझ में आती है.

आपने अपने धर्म और ट्रेडिशन को हमेशा से ऊपर रखा है. उनके सेंटिमेंट को हर्ट करने का इल्जाम लगा है. उनकी तरफ से भी काफी नाराजगी झेलनी पड़ी थी. इसपर मनोज कहते हैं, मुझे हिंदुओं का सपोर्ट मिला था. अगर आप सोशल मीडिया पर ही देख रही हैं, तो वो दुनिया नहीं है. बहुत सारे लोग सपोर्ट में आए थे. ऐसे भी बहुत से लोग थे, जिन्हें क्षणिक नाराजगी थी।

नक्सल इलाकों में अभी भी फंसे हैं कई मतदान दल

एसपी बोले - पोलिंग पार्टियों को वापस लाना चुनौती

बीजापुर 8 नवंबर। छत्तीसगढ़ में पहले चरण का मतदान भले ही संपन्न हो गया है, लेकिन सुरक्षा बल की चिंता अभी समाप्त नहीं हुई है. कई मतदान दल नक्सल प्रभावित इलाकों में अभी भी फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने फोर्स जुगत लगा रही है. बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने कहा, छोटी-बड़ी घटनाओं के बीच बीजापुर में मतदान सम्पन्न हुआ. अब पोलिंग पार्टियों को वापस लाना चुनौती है. घात लगाए माओवादियों से निपटने के साथ ही सभी कर्मचारियों को सुरक्षित मुख्यालय तक लाना पहली प्राथमिकता है. बता दें कि 7 नवंबर को 20 सीटों पर मतदान हुआ, जिसमें बस्तर की 12 सीटों भी शामिल हैं. मतदान के दौरान नक्सली बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे, जिसे जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया. कई जगहों पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ भी हुई. जवानों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली भाग निकले. इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. मंगलवार को दोपहर विधानसभा चुनाव के दौरान सर्चिंग पर निकले जवानों और नक्सलियों के बीच गंगालूर मार्ग पर मुठभेड़ हुई थी. जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली ऊल्टे पैर भागने को मजबूर हुए थे. यह घटना जवानों के ड्रोन कैमरे में कैद हुई है, जिसमें नक्सली घायल साथियों को कंधे में ढो कर ले जाते दिख रहे हैं. वहीं आज बीजापुर जिले में दिनभर सर्चिंग के दौरान जवानों ने कुल 13 आईईडी बरामद किए हैं. मतदान के दौरान मतदान दल और जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों ने अलग-अलग इलाके में आईईडी प्लांट किए थे।

एक नजर

महिला ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई

भिलाई,8 नवंबर। भिलाई स्त्री धन में दिए 12 तोला सोने के जेवर हजम करने वाले ससुराल वालों के खिलाफ एक महिला ने गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई है महिला ने इस संबंध में न्यायालय में परिवाद दायर किया था इसकी सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपित पति, ससुर, सास और ननद के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज करने का आदेश दिया उतई पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है महिला थाना पुलिस ने बताया कि चंद्र नगर उमरपोटी निवासी शर्मिष्ठा गांगुली (38) की शादी वर्ष 2008 में इस्पात नगर रिसाली निवासी अभिषेक बेनर्जी से हुई थी शादी के समय शिकायतकर्ता के परिवार वालों ने घरेलू सामान के साथ ही 12 तोला सोने के जेवर स्त्री धन के रूप में दिए थे। शादी के बाद शिकायतकर्ता अपने पति के साथ उसके कार्यस्थल अहमदाबाद जाने वाली थी तो उसकी रिक्ता बेनर्जी, ससुर सत्यरंजन बेनर्जी और ननद अजीता बेनर्जी ने उससे कहा कि वह जेवर को बैंक के लाकर ने में रख दे। शिकायतकर्ता ने वैसा ही किया। शादी के कुछ साल बाद उसका पति और ससुराल वालों से अनबन होने लगी। इसके बाद महिला अपने मायके आ गई और उसका उसके पति का कुटुंब न्यायालय में मामला चला। वर्ष 2019 में महिला का उसके पति से तलाक हो गया। इसके बाद उसने अपने जेवर वापस मांगे तो ससुराल वालों ने जेवर लौटाने से साफ इन्कार कर दिया। इसके बाद उसने पति व ससुराल वालों के खिलाफ अमानत में खयानत की रिपोर्ट की, लेकिन पुलिस ने सीधे रिपोर्ट दर्ज करने से इन्कार कर दिया इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। जिस पर न्यायालय ने आरोपितों के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज करने का आदेश दिया उतई पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की 2019 में महिला का हुआ था तलाक ससुराल वालों ने नहीं लौटाए जेवर।

ईडी के छापे के बाद दोनों परिवार गायब

भिलाई,8 नवंबर। भिलाई ईडी की टीम ने महादेव बुक के प्रमोटर रवि उप्पल के भाई राहुल उप्पल और भाभी प्रेरणा उप्पल के राधिका हाइट्स नेहरू नगर स्थित घर पर दबिश दी थी। इसके साथ ही हाल ही में हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आसिम दास उर्फ बप्पा बंगाली के घर से करोड़ों रुपये नकद बरामद किया था। दोनों ही जगह कार्रवाई के बाद से उनके परिवार के सदस्य लापता हैं। राहुल उप्पल के घर पर करीब डेढ़ महीने से ताला लगा है वहीं छापे के पहले घर से फरार हुई बप्पा बंगाली की पत्नी सुमित्रा दास और बेटे प्रीतम दास का भी अब तक कोई ठिकाना नहीं है। - इनके लापता होने से शहर में तरह तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं रवि उप्पल के भाई राहुल उप्पल और भाभी प्रेरणा उप्पल के बारे में कहा जा रहा है कि उन्होंने देश छोड़ दिया है क्योंकि सितंबर के आखिर में ईडी ने इन दोनों को पूछताछ के लिए अपने कार्यालय बुलाया था, लेकिन ये दोनों वहां नहीं पहुंचे थे। वैसे ही आसिम दास उर्फ बप्पा बंगाली के घर पर ईडी की दबिश के पहले ही उसकी पत्नी सुमित्रा दास और बेटा प्रीतम दास घर से फरार हो गए थे इन दोनों के पास भी भारी मात्रा में रुपये होने की चर्चा है हालांकि इनके बारे में किसी को भी कोई जानकारी नहीं है आशंका जताई जा रही है कि ये दोनों किसी और शहर में छिपकर रह रहे हैं पूर्व में गिरफ्तार हुए ने छोड़ा शहर महादेव बुक से सट्टा खिलाने के मामले में पुलिस ने पूर्व में 194 लोगों को गिरफ्तार किया था। साथ ही 50 से अधिक लोगों के संलिप्त होने की जानकारी सामने आई थी। पुलिस ने जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की थी, उनमें कैंप क्षेत्र में मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले मोहम्मद नसीमुद्दीन भी शामिल है। एक बार कार्रवाई होने के बाद मेडिकल स्टोर संचालक नसीमुद्दीन सहित लगभग सभी लोग लापता हैं, जिनके बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है ।

विद्यार्थियों को कौशल विकास के लिए औद्योगिक भ्रमण कराया गया

उतई, 8 नवंबर। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय,सेलूद, पाटन के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के आई. टी. ट्रेड के 70 विद्यार्थियों को प्रिज्म कॉलेज. कॉलेज महकाकुरूद,उतई में व्यावसायिक प्रशिक्षक ममता सिंह के नेतृत्व में औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम प्रायोजित किया गया इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों के बौद्धिक और प्रयोगात्मक ज्ञान के साथ-साथ नई तकनीक के बारे मे जानकारी देना और साथ ही साथ औद्योगिक भ्रमण से छात्र विभिन्न कंपनियों को देखने और उनमें जॉब के सुअवसर पाने का मौका भी मिलता है। विभागाध्यक्ष सनत मानिकपुरी ने विद्यार्थियों को विभिन्न ट्रैड इलेक्ट्रिकल,फिटर,स्टेनोग्राफर और कोपा ट्रेड के लैब और आईटीआई कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी । साथ ही, फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष श्री सागर शर्मा ने विद्यार्थियों को डी फार्मा लैब व कोर्स और आगे इससे संबंधित करियर क्षेत्र के बारे में विस्तृत तौर पर बताया संस्था प्रमुख रूपेश कुमार गुप्ता व डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी।

बीएसपी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 12 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा

भिलाई, 8 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक, इस वित्तीय वर्ष के पहले सात महीनों में उत्पादन के लगभग सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां दर्ज की है। कोक ओवन में ओवन पुशिंग से लेकर ब्लास्ट फर्नेस कोक, सिंटर, हॉट मेटल और क्रूड स्टील का उत्पादन, ब्लूम और बिलेट उत्पादन, विशेष ग्रेड प्लेट उत्पादन और रेल उत्पादन से लेकर कुल फिनिश्ड स्टील और सेलेबल स्टील उत्पादन के साथ-साथ स्टील की लोडिंग, डायरेक्ट डिस्पैच में संयंत्र ने उच्च प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड दर्ज किया है। ऐसा करते हुए, संयंत्र ने अपने 12 साल पहले बनाए गए कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सिंटर प्लांट ने कुल सिंटर का उत्पादन अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल 5,061,340 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2010-11 में बनाये गए 4,605,346 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। क्रूड स्टील का अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल उत्पादन 3,296,837 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2010-11 में बनाये गए 3,086,305 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने, अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में प्रतिदिन 804 इक्यूवेलेंट ओवन की पुशिंग करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ पुशिंग रिकॉर्ड बनाया है। कोक ओवन का पिछला सर्वश्रेष्ठ ओवन पुशिंग का रिकॉर्ड अक्टूबर 2010-11 को प्रतिदिन 766 इक्यूवेलेंट ओवन की पुशिंग का था। ड्राई बीएफ कोक का उत्पादन अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल 1,912,502 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2010-11 में बनाये गए 1,828,398 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। हॉट मेटल का अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल उत्पादन 3,483,198 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2010-11 में बनाये गए 3,312,278 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। फिनिश्ड प्लेट का उत्पादन इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में 7,58,223 टन दर्ज किया गया, जबकि पिछला रिकॉर्ड अप्रैल से अक्टूबर 2007-2008 में 7,45,048 टन दर्ज किया गया था।

कवर्धा। गेंदा के फूल दिवाली पर्व पर बिक्री के लिए तैयार ग्राम खोपली निवासी पप्पू पटेल की बाड़ी की ली हुई तस्वीर

मतदान में उपयोग की गई ईवीएम को किया गया सील

कवर्धा, 8 नवंबर। भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक श्री अजय कुमार गुप्ता, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे, रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई श्क्रूरू मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी कराई गई। सीलिंग के बाद स्ट्रांग रूम के मुख्य द्वार शटर में जहाँ ताला लगा है उनके ऊपर तक सीमेंट से पैक भी किये है। इसके अलावा सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है। स्ट्रांग रूम को सीसी कैमरे से निगरानी भी रखी जा रही है।

लिंक रोड पटाखा दुकान में आईटी ने मारा छापा और किया गोदाम सील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 8 नवंबर। आज तड़के लिंक रोड कैम्प-2 स्थित हुकुमचंद हिम्मतचंद थोक पटाखा स्टोर में इंकम टैक्स की टीम ने छापा मारा है।

सुबह लगभग सुबह 5 बजे से इस पटाखा व्यवसायी के घर, गोदाम तथा दुकानों पर जांच की जा रही है। आपको बता दें कि हुकुमचंद गहलोत जिले के बड़े पटाखा व्यवसायी हैं तथा दीपावली पूर्व ही यहां खरीददारों की लंबी कतार देखी जाती रही है। उधर दूसरी तरफ ईडी के अफसर भिलाई के पदुमनगर स्थित धिंगानी फायर वर्क्स के संचालक सुरेश धिंगानी के घर 4 गाड़ियों में पहुँचे हैं। कुछ देर की पड़ताल और पूछताछ के बाद अफसर एक गाड़ी में कारोबारी के बेटे विवेक धिंगानी को लेकर रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि वे सभी वसुंधरा नगर स्थित गोदाम गए हैं जानकारी मिली है कि भिलाई 3 में पुलिस पेट्रोल पंप के सामने स्थित दुकान और पदुम नगर स्थित घर पर कार्यवाही जारी है। इस परिवार का राजधानी के पंडरी रोड पर भी पटाखे की दुकान है। कुछ परिजन रायपुर में भी निवासरत हैं अभी इनकी घेराबंदी की कोई खबर नहीं हैं धिंगानी के ठिकानों पर ईडी ने बीते महीने भर में दूसरी बार दबिश दी है।

भाषण प्रतियोगिता के विजेता किए गए पुरस्कृत

भिलाई, 8 नवंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत भिलाई महिला महाविद्यालय एवं हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। भाषण प्रतियोगिता का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें, रखा गया था। प्रतियोगिता के निर्णायक प्राचार्य डॉ संध्या मदन मोहन और महाप्रबंधक प्रभारी श्रीमती समिधा गुप्ता थे। प्रतियोगिता की शुरुआत से पहले, उप महाप्रबंधक श्रीमती दीप्ति राज ने उपस्थित सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार के विजेता क्रमशः इस प्रकार हैं सुश्री चेल्सी ताप्रकार (एम.एससी तृतीय सेमेस्टर, जूलॉजी), सुश्री खुशी विश्वकर्मा (बी.एचएससी द्वितीय वर्ष), सुश्री अनुष्का यादव (बी.एससी तृतीय वर्ष, सी.एस), सुश्री ललिता पांडेय (एम.एससी प्रथम सेमेस्टर सी.एस)। साथ ही सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह के रूप में उपहार वितरित किये गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना शरण द्वारा किया गया।

बुजुर्ग क्या सिर्फ लाइन में लगकर वोट देने के लिए हैं : मिश्रा

भिलाई, 8 नवंबर। सियान सदन वैशाली नगर के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी रामायण मिश्रा ने सरकार द्वारा बुजुर्गों की अनदेखी पर गहरा दुख जताते हुए कहा है कि राज्य सरकार के बजट में बुजुर्ग नागरिकों के लिए किसी प्रकार की सहूलियत नहीं दी गयी। लगभग 20-25 साल पहले सरकारी या प्राइवेट संस्थाओं से लोग रिटायर हुए, उनके हाथ में उस समय बहुत कम रकम मिला। उस रकम से बेटा-बेटी की शादी कर दिए। कुछ बचा तो घर बना लिए। उसके बाद जो थोड़ी-बहुत रकम बची उसको बैंक में जमा किये तो उसका ब्याज इतना कम मिलता है जिससे दवा का खर्च भी नहीं निकल पता है और रोजमर्रा की चीजें भी नहीं खरीद पाते। अब बताइये कि ये बुजुर्ग कैसे जियेंगे ? न तो संपत्ति कर जमा करने के लायक हैं न बिजली बिल जमा करने लायक हैं उनके सामने जीने की जटिल समस्या सामने खड़ी हो गयी है।

बेटी-बेटे उस लायक नहीं हैं जो बुजुर्गों का देखभाल कर सकें। भिलाई-दुर्ग मिलकर कम से कम सात आठ लाख बुजुर्ग जो अपने मताधिकार का प्रयोग लाइन में खड़े होकर करते हैं। क्या बुजुर्ग केवल लाइन में खड़े होकर वोट देने के लिए हैं। इनकी सुधि केंद्र ने ली न राज्य सरकार ने। 78 वर्षीय रामायण मिश्रा ने सरकार से पूछा है कि आखिर ये बुजुर्ग किस प्रकार अपना जीवन बिताएं?

खुज्जी भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू को मिली अग्रिम जीत की देतें बधाई

राजनादगाव। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में आज चुनाव संपन्न हुआ। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की ओर से गीता घासी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया गया था और कांग्रेस से पूर्व विधायक भोलाराम साहू उम्मीदवार मनाया गया था।

भारतीय जनता पार्टी के भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू लोकप्रिय, शिक्षित, कर्मठ, जुझारू ,मिलनसार युवा दबंग भाजपा नेत्री थी। जो क्षेत्र के विकास के लिए दढ संकल्पित थी। जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर रहते हुए भली भांति अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही थी। उनकी आम जनता से सीधा संपर्क था और गांव गांव जाकर लोगों को समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण करने के लिए हमेशा तत्पर रहती थी उसके कार्य शैली से क्षेत्रवासियो मे पूरा भरोसा और विश्वास रहता था। विधायक प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू साहू प्रत्येक गांव में पहुंचाना और जनता जनार्दन की समस्याओं को निराकरण के लिए खड़े रहना और उनकी तकलीफो को दूर करना करने के कारण वह बहुत ही लोकप्रिय प्रत्याशी थी। क्षेत्रवासियों ने आज चुनाव में पूर्व विधायक भोलाराम साहू की निष्क्रियता एवम उदसीन रवैया से भली भाती परिचित थे। जिसका लाभ आज चुनाव में भाजपा के युवा दबंग प्रत्याशी श्रीमती गीताघासी के पक्ष में चुनाव माहौल बना रहा उनको अग्रिम जीत की बहुत बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए क्षेत्रवासियों आम जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओ ने कहा कि आपकी जीत पक्की है आप ही खुज्जी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77 के भावी विधायक है।

मशाल रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

भिलाई, 8 नवंबर। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र में कार्यरत स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा विशाल मशाल रैली का आयोजन किया गया। यह बता दें कि प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। जिसके फलस्वरूप मतदान प्रक्रिया की सफल बनाने के साथ शत प्रतिशत मतदान हेतु समस्त नागरिकों को प्रेरित करना एवं नये मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता प्रदान करने जागरूक करना ही इस मशाल रैली का उद्देश्य रहा। भिलाई-चरौदा निगम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधक आदत्यि भटनागर ने बताया कि जिला प्रशासन एवं निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम संपन्न किया गया है।इस आयोजन में सामुदायिक संगठक श्रीमती कुंती वर्मा, श्रीमती सुषमा पाण्डेय, यंशवत सिंह, अमित वर्मा एवं स्व सहायता समूह की महिलाए उपस्थित रही।

मतदान अधिकारियों को दल के साथ दिया गया प्रशिक्षण

दुर्ग, 8 नवम्बर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान कार्य के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान दल-1, 2, 3 व 4 की नियुक्ति प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए किया गया है। इन 1485 मतदान दल अधिकारियों को समूह में संयुक्त रूप से उनके दल के साथ आज बीआईटी कॉलेज में प्रशिक्षण दिया गया। मतदान दलों को दल के साथ प्रशिक्षण देते हुए निर्वाचन कार्य के लिए अपनायी जाने वाली सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ समूह में प्रशिक्षण लेने से मतदान दल को अपने दल के अधिकारियों से रू-ब-रू होने का भी अवसर मिला है।

मतदाताओं को जागरूक करने सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

भिलाई, 8 नवंबर। भिलाई इस्पात सयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा दिनांक 06 नवम्बर 2023 को सिविक सेंटर स्थित पायोनियर मोनुमेंट में समस्त मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात सयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य विकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर सहित जिला प्रशासन से एसडीएम जागेश्वर कौशल व जोन कमिश्नर श्रीमती पूजा पिल्ले उपस्थित थीं। कार्यक्रम में मतदान जागरूकता पर केंद्रित फिल्मी व गैरफिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही सांस्कृतिक व सामाजिक संस्था 'सूत्रधार' द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। सांगितिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के कार्मिकों ने दी। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन की ओर से 2 संगीत समूहों ने भी मतदान विषयक व अन्य गीतों को प्रस्तुत किया।

'गिव' ने गैर-लाभकारी शिक्षा में नया मानक स्थापित किया

भिलाई। ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एक्सीलेंस (गिव), एक अग्रणी गैर-लाभकारी संस्थान, व्यावसायिक शिक्षा और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में अग्रणी है। बैपटिस्ट चर्च ट्रस्ट एसोसिएशन (बीसीटीए) के संरक्षण में 'गिव' ने खुद को समुदाय के लिए उत्कृष्टता और सेवा के प्रतीक के रूप में स्थापित किया है। दिल्ली के सिविल लाइन्स के मध्य में स्थित यह संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार है। 'गिव' के संचालक और भिलाई में पले बढ़े प्रमोद अठावले ने बताया कि संस्था का विस्तार दिल्ली के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी किया जा रहा है। पहले चरण में इसका लाभ दुर्ग-बेमेतरा जिले के वंचित समुदाय को मिलेगा।प्रमोद अठावले ने कहा कि 'गिव' सिर्फ एक संस्था नहीं है; यह समाज की भलाई के लिए हमारे समर्पण का एक प्रमाण है। उन्होंने भरोसा जताया है कि 'गिव' की गतिविधियों का निरंतर विस्तार हो रहा है, जिसमें न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में एक चमकदार उदाहरण बनकर उभरेगा।उन्होंने बताया कि 'गिव' ने शैक्षिक कार्यक्रमों की एक विविध श्रृंखला प्रदान की है, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी, पैरामेडिकल विज्ञान, सार्वजनिक स्वास्थ्य, भारतीय संस्कृति और विरासत, नेतृत्व और संगीत जैसी प्रदर्शन कलाएं शामिल हैं। इन आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करके सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज के विकास में योगदान करते हुए वंचित समुदाय के अनगिनत लोगों के भविष्य को आकार दे रहा है।

सम्मानित किए गए तेंगसूडो चैम्पियनशिप के खिलाड़ी

भिलाई। छत्तीसगढ़ तेंगसूडो स्पोर्ट्स एसोशियेसन के द्वारा एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मिरज जिला-सांगली में आयोजित 20वीं नेशनल तेंगसूडो चैम्पियनशिप 2023 के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इन विजेता खिलाड़ियों में पर्णवी जंघेल, सोनालिका साहू, मेघा साहू, अंजली कुमारी, इन्द्राणी साहू, शालू पाल, वर्षा साहू, माही साहू, उन्नति यादव, जया साहू, माधुरी, अंजू, एन. आयुष, शैलेष साहू, राजीव देवांगन, आरव, स्मित मेश्राम, शिवांशु बिस्वाल को विजयी प्रमाण पत्र वितरित किया गया साथ में ब्लैक बेल्ट की परीक्षा में सफलता प्राप्त किये

खिलाड़ी पर्णवी जंघेल, मनुराज जंघेल, सोनालिका साहू को ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ये सभी खिलाड़ी अगले माह दिसंबर में दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

प्रमाण पत्र वितरण के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तम वर्मा संचालक यू.व्ही. पावर सर्विस स्टेशन कुरूद, राजकुमार तिवारी जनरल मैनेजर-महिन्द्रा स्पंज तिल्दा, एस.के. पटेल निक्को-ऑफिसर स्टोर इंचार्ज, एस. पाण्डेय, प्रमोद तिवारी अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ तेंगसूडो स्पोर्ट्स एसोशिऐसन,संतोष कुमार जंघेल सचिव- छत्तीसगढ़ तेंगसूडो स्पोर्ट्स एसोशिऐसन, दिनेश कुमार साहू कोषाध्यक्ष-छत्तीसगढ़ तेंगसूडो स्पोर्ट्स एसोशिऐसन, रंजन डे कोच, आनंद साहू शिक्षक-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा, लक्ष्मी जंघेल कोच, डिगेश्वरी साहू कोच और फुलेश्वरी साहू कोच आदि उपस्थित थे।

बड़ी संख्या में मतदाता लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बने

राजनांदगांव 8 नवम्बर । लोकतंत्र के उत्सव में विधानसभा निर्वाचन 2023 में आज राजनांदगांव जिले के मतदाताओं में मतदान के लिए अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की लाईन लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह सिलसिला मतदान समाप्ति तक चलता रहा। प्राप्त अनंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक 75.10 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बने। शाम 5 बजे के बाद अभी भी बहुत से मतदाता कतार में मतदान के लिए खड़े हुए है। अनंतिम आंकड़े के अनुसार डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 77.40 प्रतिशत, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 74 प्रतिशत, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में 76.80 प्रतिशत एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में 72.01 प्रतिशत मतदान हुआ है। महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग, दिव्यांग एवं युवा मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड, एनसीसी के बच्चे तो कहीं पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह मतदान केन्द्रों में जाकर मॉनिटरिंग करते रहे तथा व्यवस्था का लगातार निरीक्षण करते रहे। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले में 40 संगवारी मतदान केन्द्र, 4 दिव्यांग मतदान केन्द्र एवं 4 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए, जहां मतदान दलों में संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इन मतदान केन्द्रों में महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया और उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्र की प्रशंसा की। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाए गए थे, वहीं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए थे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में संगवारी मतदान केन्द्रों में से 5-5 संगवारी मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया था, जहां मूलभूत सुविधाओं के अलावा अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की गई।

मतदान केन्द्र डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर में मतदान करने पहुंची श्रीमती गुंजा भारद्वाज ने बताया कि वह पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि वोट देना हमारा अधिकार है। देश एवं राज्य की प्रगति के लिए वोट देकर अच्छी सरकार चुनना बहुत जरूरी है।

वोट डालने में बुजुर्ग भी नहीं रहे पीछे

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में असमर्थ थे, उन्हें चिन्हांकित कर होम वोटिंग की सुविधा दी गई। इसके बाद भी मतदान केन्द्रों पर बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। आयोग द्वारा ऐसे बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी और स्कॉउट-गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में, तो कहीं पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ उनकी मदद भी की। लोकतंत्र के इस महापर्व में 100 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता श्रीमती जमुना गुप्ता और 101 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता श्री उमेदी निषाद ने मतदान कर अपनी सहभागिता निभाई।

मतदान प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने पर 1 कर्मचारी निलंबित और अनुपस्थित रहने पर 18 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 8 नवम्बर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में विधानसभा क्षेत्र सिहावा के लिए गठित मतदान दल अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 तथा पीठासीन अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण स्थानीय मेनोनाईट अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज आयोजित किया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने उक्त प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने पर मतदान अधिकारी क्रमांक 2 कुलेश्वर ध्रुव, सहायक शिक्षक एलबी, शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक 3 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा उक्त अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय होगा।

वहीं बिना किसी पूर्व सूचना या जानकारी के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 18 पीठासीन व मतदान अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें पीठासीन अधिकारी व्यख्याता एलबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परखंदा चन्द्रदेव संघारे, व्याख्याता एलबी शासकीय हाईस्कूल बेलौदी नारायण प्रसाद साहू, मतदान अधिकारी क्रमांक 1 छात्रावास अधीक्षक घनश्याम सिंह ढीढी, शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला फूसेरा सुनील कुमार यादव, शिक्षक एलबी माध्यमिक शाला सारंगपुरी संजय टंडन, मतदान अधिकारी क्रमांक 2 शिक्षक एलबी शासकीय कन्या माध्यमिक शाला धमतरी होमप्रकाश साहू, मतदान अधिकारी क्रमांक 3 सहायक ग्रेड 3 नगरनिगम चन्द्रशेखर मिश्रा, सहायक ग्रेड 3 आदिम जाति कल्याण विभाग नरेन्द्र कुमार ध्रुव, शिक्षक एलबी शासकीय माध्यमिक शाला भखारा निकेश साहू, सहायक ग्रेड 2 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भखारा डेमन कुमार साहू, शिक्षक माध्यमिक शाला भटगांव राकेश सोनबेर, सहायक ग्रेड 2 लोक निर्माण विभाग दीनदयाल साहू, सहायक ग्रेड 2 विद्युत यांत्रिकी भारी संयंत्र रेगमान ध्रुव, सहायक ग्रेड 3 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सितेश कुमार साहू, सहायक ग्रेड 2 राहुल कछवाहा, सहायक ग्रेड 2 जनपद पंचायत धमतरी रविशंकर सोनी, प्रयोगशाला सहायक शासकीय हाईस्कूल चर्रा गगन ठाकुर और सहायक विज्ञान शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खरेंगा विक्रांत कुमार शांडिल्य शामिल हैं। इन सभी अधिकारी, कर्मचारियों को अपना स्पष्टीकरण उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर तत्काल प्रस्तुत करने कहा गया है।

भखारा की चुनावी सभा में स्मृति ईरानी ने महादेव सट्टा एप को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

अंबरी 8 नवंबर। केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि अजय भईया ने कहा कि यहां सर्कस चल रहा है तो हम पूछने आए हैं कि मदारी कौन डमरू कौन बजा रहा है ? समझ नहीं आ रहा है भईया डमरू बजा रहे है दिल्ली में गांधी खानदान के लोग और मदारी दुबई में बैठा है। खेला छत्तीसगढ़ में चल रहा है। स्मृति ईरानी ने आरोप लगाया की जिस व्यक्ति ने भूपेश बघेल को 508 करोड़ दिया है उसने इंटरनेट के माध्यम से सामने आकर खुद यह बात बताया है। भूपेश जी जिसको जानते हैं उससे 500 करोड़ का घोटाला करते हैं और जिसको नहीं जानते उससे 2000 करोड़ का घोटाला करते हैं। स्मृति ईरानी ने कहा कि अजय भईया तुम तो जीत रहे हो तो हमको क्यूं बुलाए हो। स्मृति ईरानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आप सोचिए कि नरेन्द्र मोदी का संस्कार कैसा है उज्जैन में महाकाल जी का कॉरिडोर बनवाया, काशीविश्वनाथ जी का कॉरिडोर बनवाया चारधाम की यात्रा सुलभ करवाई और यहां छत्तीसगढ़ के भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री एक नवजवान से कहते हैं कि महादेव के नाम का दुरुपयोग करो और सट्टा का बाजार चलाओ।

स्मृति ईरानी ने भूपेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पी एस सी में नौकरियों पर जगह पैसे वाले और नेताओं के बच्चों को देते हैं और गरीब के बच्चों को शराब में सट्टे में और जुए व्यस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि आप कह रहे हैं कि 5 साल में भूपेश बघेल ने कुरूद के लिए कुछ नहीं किया जब प्रदेश के लिए कुछ नहीं किया तो आपके लिए क्या करेगा। स्मृति ईरानी ने बिहार में लालू यादव की पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर प्रहार करते यहां की सरकार पर तीखा तंज कसते हुए यह कह डाला कि ओ वहां चारा खाते हैं और ये यहां गोबर खाते हैं। भखारा की चुनाव सभा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मोदी सरकार की योजनाओं का जमकर बखान करते हुए लोगों से खूब तालियां बटोरी । भखारा की चुनावी जन सभा में जन समुदाय को संबोधित करते हुए वर्तमान विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को कांग्रेस ने बेवकूफ समझ रखा है । उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस दो बार का कर्जा माफ करके एक बार का कर्जा खाना चाहती है। उन्होंने कांग्रेस सरकार के नरवा गरवा , घुरवा बाड़ी योजना पर भी तंज कसा। अजय चंद्राकर ने कहा कि हमने अपने कार्यकाल में कुरूद की तरह भखारा को भी संवारने का काम किया है। भखारा की सभा में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चैलेंज करते हुए कहा कि हम दोनों का विधानसभा लगा हुआ है आप मुख्यमंत्री हैं मैं तो कभी मुख्यमंत्री नहीं रहा फिर भी आप मेरे क्षेत्र का विकास कार्य देखकर अपने क्षेत्र के विकास कार्य से तुलना कर लीजिए आपको समझ में आ जाएगा कि यहां कितना विकास हुआ है। भखारा की सभा में लगभग 5000 की भीड़ रही होगी। लेकिन इस सभा में भाजपा के पुराने नेता और कार्यकर्ता कम नजर आए।

एक नजर

चाक चौबंद व्यवस्था के चलते शांति से डोंगरगांव विधानसभा में हुआ चुनाव संपन्न

डोंगरगांव 8 नवंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान 7 नवंबर को शाम 5 बजे समाप्त हो गया है। पहले चरण के तहत 20 सीटों पर मतदान हुआ था, इन 20 सीटों में कई दिग्गजों का भविष्य दांव पर था, 203 उम्मीदवार ने अपनी किस्मत आजमाई थी जिनका भविष्य मतपेटी में आज कैद हो गया।राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विधानसभा में ग्राम राजा खुज्जी, करेडी,बडभूम,बड़गांव चारभाटा,नवागांव,खुर्शीपर,नादिया,भटगुना,दर्री, बेदरकट्टा में मतदान पूरी चाक चौबंद व्यवस्था के साथ शांति पूर्ण तरीके से 7 नवम्बर को मतदान हुआ। सुबह से सारे मतदान केंद्रों में लोगो की भीड़ वोटिंग के लिए लगनी शुरू हो गई थी। शाम तक अच्छी खासी तादात में लोगो ने निर्भीक होकर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाई।साथ ही इस पंचवर्षीय में अधिक संख्या में नए मतदाताओं ने जागरूकता के साथ अपना मत दान किया।

ओकाया ईवी का फेस्टिव्वल ऑफर

रायपुर 8 नवंबर। इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में अग्रणी ओकाया ईवी ने त्योहारों के इस सीज़न आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है! चारों ओर त्योहारों की धूम है, इस बीच ओकाया ईवी अपनी शानदार डील्स के साथ आपके जश्न को खास बनाने के लिए तैयार है। ओकाया स्कूटर खरीदने वाले हर उपभोक्ता को रु 8999 कीमत का ट्रॉली बैग और स्कूटर एक्सेसरीज़ जीतने का मौका मिलेगा।ऑफर के भाग्यशाली विजेता की घोषणा 16 नवम्बर 2023 को की जाएगी पहला पुरस्कार- 32 इंच एलईडी स्मार्ट टीवी; दूसरा पुरस्कार- होम थिएटर सिस्टम; तीसरा पुरस्कार- स्मार्ट वॉच; चौथा पुरस्कार- ब्लूटुथ साउण्ड ड्रम; पांचवां पुरस्कार- माइक्रोवेव; 10 सिल्वर कॉयन। यह फेस्टिवल ऑफर 14 नवम्बर 2023 तक जारी रहेगा, तो अपनी पसंद और ज़रूरत के अनुसार ओकाया ईवी चुनने के लिए आपके पास पर्याप्त समय है। हरित क्रान्ति में योगदान देते हुए त्योहारों के सीज़न का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। फ्री एक्सेसरीज़, ट्रॉली बैग और 1 साल के रोडसाईड असिस्टेन्स के आश्वासन से लोडेड ओकोया ईवी घर ले जाने के सुनहरे अवसर से चूक मत जाइएगा! आज ही अपनी ओकोया ईवी डीलरशिप पर जाएं!

श्रमिकों को दिलाई गई मतदान की शपथ'

धमतरी 8 नवम्बर। जिले में आगामी 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां जिले में जोर पकड़ रहीं हैं। इसके तहत स्कूल, कॉलेज ऑयल और राइस मिलों सहित विभिन्न विभागों के शिविरों तथा बैठकों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम नवागांवखुर्द मे स्थित श्री साईं एग्रोटेक राइस मिल मे कार्यरत श्रमिकों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत श्रम विभाग द्वारा आज श्रमिकों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए शपथ दिलाया गया। इस मौके पर श्रम निरीक्षक निम्मी पटेल एवं राइस मिल के संचालक और श्रमिक उपस्थित रहें। शपथ में कहा गया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

अधिकारी-कर्मचारियां ने डाक मतपत्र से किया मतदान

धमतरी 8 नवम्बर। निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर पाए हैं, ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी को आज सिहावा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र के जरिए मतदान करने का अवसर प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर स्थानीय मेनोनाईट अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में 7, 8 एवं 9 नवम्बर को विधानसभावार सुविधा केन्द्र में अपना मत दे सकते है। निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से अब तक निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कुल 743 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

डॉ रमन की विदाई तय, कांग्रेस के घोषणा पत्र पर जनता को भरोसा:गिरीश देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 8 नवंबर। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी गिरीश देवांगन अपने चुनावी समर के अंतिम पड़ाव में मतदान के पूर्व आम जनता से भेंट मुलाकात कर कांग्रेस के साथ अपने जीत के आशीर्वाद एवं मत की अपील कर आम जनता से करते हुए कहा कि कांग्रेस से घोषणा पत्र से जहां जनता अपने भरोसे की सरकार पर फिर से भरोसा जताने को तत्पर नजर आ रही है वहीं भाजपा सरकार के घोषणा पत्र पर भेदभावपूर्ण नीति और किसानों के कर्ज माफ को प्राथमिकता नहीं दिए जाने, युवाओं को महत्व नहीं दिए जाने की बातों को आम जनता ने ध्यान देते हुए फिर से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाएगी कांग्रेस ने 3200 में धान का समर्थन मूल्य की घोषणा कर भाजपा को पछाड़ने का काम किया है भाजपा ने तो गरीबी और अमीरी रेखा की लाइन खींचकर महिला महिला शक्तियों का अपमान किया है कांग्रेस ने सभी महिलाओ को गैस में 500 रु छूट देने की घोषणा की है भाजपा ने घोषणा पत्र में 18 लाख परिवार का आवास देने की गुमराह पूर्ण बात कही है सत्यता यह है कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार ने गरीब आवास हीन परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए राशि देना प्रारंभ कर दिया है शिक्षा क्रांति में कांग्रेस ने के जी से पी जी तक शिक्षा को मुफ्त देने की बात की है वही भाजपा पी जी की शिक्षा मुक्त करने की बात करते हुए अपने पक्षपात दोहरी नीति का परिचय दिया है 31 सौ में धान खरीदने की भाजपाई गारंटी देने वाले नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की धरती पर 31 सौ की बात नहीं कही है यानी उनकी गारंटी नहीं है यह साफ हो गया है इससे आम जनता भाजपा पर भरोसा नहीं कर रही है। झूठे वादे झूठे जुमले भाजपा का चरित्र है राजनांदगांव की जनता डा रमन की बिदाई करने का मन बना चुकी है।

सामान्य प्रेक्षकों ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का किया अवलोकन

धमतरी 8 नवम्बर। सामान्य प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र धमतरी श्री मनीष अग्रवाल एवं प्रेक्षक कुरूद विधानसभा क्षेत्र श्री दीपक रामचंद्र तावरे ने आज स्थानीय मेनोनाईट अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान प्रेक्षको ने मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च एवं विशेष प्राथमिकता वाला कार्य है। इसके सुचारू संचालन हेतु आप सभी को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप सभी इसे गंभीरता से समझे, मतदान दिवस के दिन आपको किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दिव्या पोटाई, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बृजेश बाजपेयी के अलावा निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान प्रेक्षक श्री अग्रवाल एवं तावरे ने प्रशिक्षण कक्ष में पहुंचकर मतदान अधिकारियों को उनके कार्यो एवं दायित्वों के संबंध में पूछा और विस्तारपूर्वक आवश्यक जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने में पीठासीन अधिकारी के साथ-साथ मतदान दल में शामिल अन्य मतदान अधिकारियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने टीम भावना से काम कर निर्वाचन कार्य को संपन्न करने कहा। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों को मॉक पोल की निर्धारित अवधि, मतदान केंद्र में ई.व्ही.एम, व्हीव्हीपीएटी को रखने के के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी मतदान अधिकारियों को पीठासीन अधिकारी के पुस्तिका का भलि-भाँति अध्ययन करने की भी समझाईश दी। ज्ञात हो कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अन्य जिले के कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर पाए है, ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी 7 से 9 नवम्बर तक डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र के जरिए मतदान शुरू हो गया है।

दिवाली मिलन समारोह में मूक बधीर बच्चे, शिक्षक हुए शामिल

■ ह तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर 8 नवंबर। इक्विटास डेवलपमेंट इनिशिएटिव ट्रस्ट एवं शुभारंभ फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के मूक बधीर बच्चों, शिक्षकों व स्टाफ के साथ मिलकर दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया । इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत , सचिव जयंत कुमार थोरात , भरत डागा, एन सी मोरियानी , नवीन आहूजा , अंजली शितूत , डेवलपमेंट इनिशिएटिव ट्रस्ट के सी एस आर चंद्रशेखर साहू , रायपुर ब्राइट फाउंडेशन के सचिव डॉ मनोज ठाकुर , राम भरोसे अग्रवाल , नारायण प्रसाद सेन, अनिल ठाकुर , राज श्रीवास , शुभारंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा कटंनकर , प्रिया सिंह, प्रीति साहू , शाला की डायरेक्टर सीमा छाबड़ा प्राचार्य कमलेश कुमार शुक्ला सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाये आदि उपस्थित रहे । सभी बच्चों को लेखन सामग्री सहित मिठाई व फटाखे , तेल , दिया , बाती , टूथ ब्रश, पेस्ट आदि बांटे गए । शाला के शिक्षक, शिक्षिकाओं व कर्मचारियों को भी मिठाई एवं वस्त्र वितरित किए गए । शाला के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने सभी शिक्षकों तथा स्टाफ को दिए गए उपहारों से सभी को आनंद प्राप्त हुआ है । इस वर्ष शाला की दीपावली बड़ी धूम धाम से मनाई जाएगी। डॉ मनोज ठाकुर ने रायपुर ब्राइट फाउंडेशन के द्वारा विधवा विधुर वैध तलाकशुदा महिला और पुरुष के पुनर्विवाह कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि सेन समाज द्वारा इस स्कूल के छात्र छात्राओं के निशुल्क बाल काटने हेतु समाज के विशेषज्ञ लोगों की सेवाएं भी उनके द्वारा उपलब्ध कराई जाती है । शुभारंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा कटंनकर ने कहा कि हमारी संस्था का हमेशा प्रयास रहा है की अधिक से अधिक लोगों तक अपनी सेवाओं को पहुंचाकर उन्हें खुशियां बांटे ।

संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शाला में कोई भी कैश काउंटर नहीं है यहां सभी बच्चों को निशुल्क शिक्षा , भोजन व निवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है । रोटरी क्लब जैसी विश्व में मानव सेवा के लिए समर्पित संस्था व यहां आई सभी सामाजिक संस्थाओं के द्वारा बच्चों संग दीपावली त्योहार हेतु दी गई सामग्री एवं

बीआईटी में मतदान अधिकारी डाल रहे हैं वोट

दुर्ग 8 नवंबर। छत्तीसगढ़ के 20 सीटों पर तो चुनाव हो चुका है 70 सीटों पर बाकी है। समझिए एक परीक्षा गुजर गया, दूसरा परीक्षा की घड़ी 17 को है। लेकिन परिणाम हमेशा की तरह कई दिन बाद 3 दिसंबर को आएगा। छत्तीसगढ़ राज्य के 20 सीटों पर मतदान का प्रतिशत 70 से ऊपर रहा है।

दुर्ग जिले के मतदान अधिकारी बीआईटी में चुनाव का प्रशिक्षण ले रहे है। साथ ही अपने अपने क्षेत्र के प्रत्याशियों को वोट भी डाल रहे है। मतदान अधिकारी वोटिंग के लिए अच्छी दिलचस्पी दिखा रहे है। बहरहाल, मतदान में छत्तीसगढ़ से भी बेहतर स्थिति मिजोरम की रही है। मिजोरम के लोग मतदान के प्रति बढ़िया उत्सुकता दिखाएं हैं, उदाहरण पेश किए हैं। दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने में कसर नहीं छोड़ी है । पहले चरण के चुनाव मे छत्तीसगढ़ में भी मतदान का प्रतिशत संतोषजनक रहा है। या यूं कहें की छत्तीसगढ़ के बीस सीटों पर मतदान का प्रतिशत संतोषजनक स्तर से भी आगे रहा है। जिनमे मतदान हुआ है, उनमें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज, कवासी लखमा, मो. अकबर, मोहन मरकाम सहित कई अन्य बड़े नेता के भाग्य वोटिंग मशीन में बंद हो चुके हैं। अब 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ के 70 सीटों पर मतदान होना है ।

व्हाट्सएप गाइड ने बताया कि यूज़र्स गलत सूचना के प्रसार को कैसे रोक सकते हैं

रायपुर 8 नवंबर। व्हाटसएप पर हमारे द्वारा की जाने वाली हर एक एक्टिविटी के मूल में सुरक्षा निहित है। इस प्रकार, हमने रिसोर्सेस और टूल्स के साथ यूजर्स को सशक्त बनाने के लिए समर्पित प्रयास किए हैं, जो उन्हें गलत सूचना को पहचानने और इसके प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हालाँकि, कोई भी एकल एक्शन गलत सूचना और फर्जी खबरों को ऑनलाइन फैलने से रोकने में मदद नहीं कर सकता, फिर भी कुछ ऐसी सरल स्टेप्स हैं, जिनका पालन करके आप व्हाट्सएप पर अपने दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत करते समय खुद को सुरक्षित रख सकते हैं।

व्हाट्सएप ने फॉरवर्ड किए हुए सभी मैसेजेस के लिए एक लेबल बनाया है। इसमें मैसेजेस को फॉरवर्ड करने की संख्या को सीमित कर दिया गया है, ताकि यूज़र्स को इन्हें शेयर करने से पहले पुनर्विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। फॉरवर्ड लेबल्स वाले मैसेजेस पर सावधानीपूर्वक ध्यान देने से अफवाहों, वायरल मैसेजेस और फर्जी खबरों के प्रसार को कम करने में मदद मिलती है। उदाहरण के लिए, यदि कोई मैसेज पहले ही फॉरवर्ड किया जा चुका है, तो फिर इसे पाँच चैट्स तक ही फॉरवर्ड किया जा सकता है और यदि किसी मैसेज पर फॉरवर्डेड मेनी टाइम्स का लेबल है, तो इसे एक समय में सिर्फ एक चैट पर ही फॉरवर्ड किया जा सकता है। हमने नई ग्रुप फॉरवर्डिंग लिमिट्स की भी शुरुआत की है, जहाँ फॉरवर्डेड लेबल वाले मैसेजेस को एक समय में सिर्फ एक ग्रुप को ही फॉरवर्ड किया जा सकता है।

वक्ता मंच ने शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया

रायपुर 8 नवंबर। प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा आज शाम राजधानी रायपुर के वृंदावन सभागृह में मतदाता जागरण एवं दीपोत्सव पर केंद्रित मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न हुई । 50 से अधिक कवियों एवं श्रोताओं की उपस्थिति एवं ओजस्व पाठ ने मतदाता जागृति पर विचारोत्तेजक वातावरण निर्मित कर दिया । आयोजन को संबोधित करते हुए स्वीप के जिला सहायक नोडल अधिकारी व नेशनल ट्रेनर डॉ सी. एल. शर्मा, यातायात प्रशिक्षक टी के भोई एवं एस एस प्रभारी सुनीता चन्सोरिया ने बड़े विस्तार से मतदाता जागृति अभियान पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से जाति, धर्म, भाषा से परे, प्रलोभन को अस्वीकार करते हुए योग्य प्रत्याशियों के पक्ष में निर्भीकता से मतदान करने का आव्हान किया । वक्ता मंच द्वारा शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया एवं उपस्थित प्रबुद्धजनो ने मतदाता जागृति अभियान को जन जन तक पहुंचाने हेतु कार्य करने की घोषणा की गई द्य कार्यक्रम के दौरान वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू एवं सक्रिय कार्यकर्ता नुपुर साहू के जन्मदिन को उत्सवित किया गया । आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार छत्रसिंह बच्छावत एवं सुनील पांडे तथा वक्ता मंच की संरक्षिका ज्योति शुक्ला अतिथि के रूप में उपस्थित थे द्य वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि देर रात तक चली काव्य गोष्ठी के दौरान उपस्थित श्रोताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया द्य आज इस अवसर पर राजेश पराते, शुभम साहू, छत्रसिंह बच्छावत, घासीराम रात्रे, राजाराम रसिक, ऋषभ देव साहू, डॉ कमल वर्मा, नूपुर कुमार साहू, संतोष सिंह ठाकुर, शिवानी मित्रा, सूर्य कांत प्रचंड, चंद्रकला त्रिपाठी, मन्नूलाल यदु, यशवंत यदु यश, इंद्रदेव यदु, आदित्य साहू, दीपा यदु, राजू छत्तीसगढ़िया, संजय कुमार शर्मा, सुनीता वैष्णव, कुमार जगदलवी, रुनाली चक्रवर्ती, देव मानिकपुरी, कुलदीप चंदेल, रश्मि मिश्रा, टी सी जायसवाल, दिव्या देशमुख, सत्येंद्र तिवारी सुकृति, बलजीत कौर, अशोक कुमार वैश्य, शोभा मोहन श्रीवास्तव, मोहन श्रीवास्तव,पूर्नेश डडसेना, राजेंद्र रायपुरी, भारती अग्रवाल, आशा मानव, संजय गोस्वामी, छबिलाल सोनी एवं रामकुमार सोनी द्वारा काव्य पाठ कर चुनावों व दिवाली विषय पर धुआंधार प्रस्तुतियां दी गई।

संपादकीय

इजराइल हमास युध्द को एक माह पूरा

युध्द दो देशों के बीच हो या फिर एक देश और आतंकवादी समूह के बीच हो उससे दोनों देश की जनता तथा देश को नुकसान होता है। दोनों देशों के लोग एक दूसरे के हमलों में मारे जाता हैं, शहरों को अलग नुकसान होता है, आर्थिक,सामाजिक गतिविधियां अलग प्रभावित होती हैं। देश के धन का एक बड़ा हिस्सा युध्द में खर्च होता है। युध्द कोई एक जीते का कोई एक हारे इससे जो देशों व समाज को नुकसान होता है, उसकी भरपाई में कई दशक लग जाते हैं। जो देश एक युध्द के दौर से गुजर चुके हैं या जहां पर गृह युध्द चल रहा है, ऐसे देशों के लोगों का जीवन बद से बदतर होता जाता है। रूस यूक्रेन युध्द समाप्त कराने की सारी कोशिश जिस तरह बेकार गई है, उसी तरह हमास व इसराइन युध्द रोकने की कई देशों की मांग भी नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई हैं। हमास ने शांत इजराइल पर पहले से हमला कर उसको उकसाया है अब इस गलती का खामियाजा हमास तो भुगत रहा है, उसके कमांडर व आतंकवादी रोज मारे जा रहे हैं। उनके साथ फिलीस्तीनी भी मारे जा रहे हैं। इसे लेकर विश्व के देशों में चिंता है कि हमास व इजराइल के युध्द में बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं। जब भी हिंसा होती है, युध्द होता है तो बेगुनाह लोगों को मरने से कोई बचा नहीं पाता है। क्योंकि सेना व हथियार जब चलते हैं तो मारने के लिए चलते हैं। विनाश के लिए चलते हैं। हथियार कौन बेगुनाह है और कौन गुनहगार है, यह नहीं पहचानते हैं न ही हथियार चलाने वाले पहचानते हैं। उस स्थिति में तो और नहीं पहचाने जा सकते जब एक जगह से हथियार चलाया जाता है और वह दूर किसी जगह जाकर गिरता है। आमने सामने की लड़ाई में भले ही आम लोगों व आतंकवादी की पहचान हो सके लेकिन दूर दूर से लड़ने वाली लड़ाई में कौन आम आदमी व कौन आतंकवादी पहचानना मुशिकिल है। दूसे आतंकवादी ठिकाने पर मिसाइल या बम गिराया जाता है तो लक्ष्य को आतंतवादियों को मारना होता है, अगर उस ठिकाने के आसपास आम लोग रहे तो वह भी मारे जाते हैं। दो देशों के बीच युध्द में नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो एक देश व आतंकवादी समूह के युध्द में नियमों के पानल करने की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। कहावत है कि गेहूं का साथ घुन भी पीसता है। यह घुन की नियती है। इससे घुन बच तब ही सकता है वह घुन से अलग हो जाए। घुन गेहूं का साथ है और कोई उम्मीद करे कि चक्की में वह न पीसे तो यह सोच ही गलत है। फिलीस्तीनी इसलिए मारे जा रहे हैं कि वह हमास से अलह नहीं है, वह हमास के साथ है या फिर यह कहा जा सकता है कि हमास फिलीस्तीनियों के साथ है। वह आम लोगों के पीछे छिपा हुआ है। फिलीस्तीनियों को हमास ने अपना रक्षा कवच बना रखा है, बम व मिसाल्इल चलते तो हैं हमास के लिए लेकिन सामने आम लोगों के होने के कारण वह मारे जाते हैं। यह आतंकवादी समूह की रणनीति है कि उस पर हमला हो तो पहले आम लोग मारे जाए। इससे वह कम मारे जाते हैं तथा आम लोग ज्यादा मारे जाते है, इसकी आलोचना पूरे विश्व में हो रही है कि इजराइल आम लोगों को मार रहा है। इजराइल ने एक माह के युध्द में जितने आतंकवादी मारे हैं, उससे ज्यादा सिवियिन लोग मारे गए हैं तो इसकी विश्व में आलोचना तो होगी ही। क्योंकि आम लोग तो आम लोगों की तरह ही सोच सकते हैं। इजराइल की सेना यदि आम लोगों की तरह सोचेगी तो वह हमास के आतंकवादियों को मार ही नहीं सकेगी क्योंकि वह तो आम लोगों के पीछे छिपे होते है ,या सुरंग में छिपे होते हैं। हमास चूहों की तरह हैं। चूहों को जिस तरह बिल को नष्ट कर मारा जा सकता है,उसी तरह हमास को भी सुरंगों को नष्ट कर मारा जा सकता है, उसकी बनाई सुरंगों को नष्ट करना आसान काम नहीं है, इसलिए इजराइल हमास वार जल्द समाप्त नहीं होने वाला है। यह अभी और महीनों चलेगा।

मिलावटख़ोरी देश के लिये कलंक

गंभीर मुद्दा

निर्मल रानी



पूरे देश में मिलावटख़ोरी के दिनोंदिन बढ़ते जा रहे नेटवर्क को प्रोत्साहित करने का सबसे बड़ा कारण है। इन्हीं की वजह से अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही है। समय पूर्व लोगों की जान जा रही है। ऊँचे रसूख़ रखने वाले स्वामियों की बड़ी से बड़ी बड़ी नामी कंपनियां जिनके सैम्पल फ़ेल होने की बार बार ख़बरें आती रहती हैं

वैसे तो जब भी भारत में मनाये जाने वाले प्रमुख त्यौहार क़रीब आते हैं उस समय खाद्य सामग्री विशेषकर दूध,घी,पनीर में व इनसे बनी मिठाइयों में मिलावट की ख़बरें सुर्ख़ियां बटोरने लगती हैं। परन्तु सच पूछिये तो यह पूरे देश का दुर्भाग्य है कि वह पूरे वर्ष मिलावटी खाद्य सामग्री का शिकार बना रहता है। खेतों में उगाई जाने वाली सब्ज़ियों से लेकर फ़ल तक सभी में रासायनिक तत्वों की भरमार रहती है। अनेक महानगरों व औद्योगिक नगरों में तो खेतों में सब्ज़ियों की सिंचाई के लिये औद्योगिक कचरे व रसायन से युक्त ज़हरीला पानी तक इस्तेमाल किया जाता है। दूध के नाम पर तो 70 प्रतिशत से भी अधिक लोग ज़हर पी रहे हैं। यदि इन पर तुरंत नियंत्रण नहीं किया गया तो एक अनुमान के अनुसार 2025 तक देश की लगभग 87 प्रतिशत आबादी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की गिरफ़्त में होगी। ज़रा सोचिये कि जिस देश में दूध के उत्पादन से लगभग चार गुना ज्यादा प्रतिदिन दूध की खपत होती हो वहां शुद्ध दूध का प्रश्न ही कहाँ रह जाता है। होली दिवाली जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान स्वास्थ्य व खाद्य विभाग की टीमें थोड़ी बहुत मुस्तैदी दिखाती हैं जिसके चलते कुछ नाममात्र लोग नक़ली दूध,खोया,घी,मक्खन,दही या मिठाइयां आदि बनाते हुए पकड़े जाते हैं। कोई नहीं जानता कि ज़हर बेचने वाले इन दुष्ट मिलावटख़ोरों का ज़हर खा पी कर कितने लोग जानलेवा बीमारियां ख़रीद बैठे और कितने मौत की आग़ोश में समा बैठे।

विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना,विश्वगुरु बनने की ललक,देश में धर्म व अध्यात्म के नाम का हिलोरें मारता हुआ समुद्र,पूरे देश में प्रचचन कर्ताओं की भीड़,बुलेट ट्रेन दौड़ने की तैयारी जैसी तमाम बातें उस समय नाचते हुये मोर द्वारा अपना पैर देख लेने के समान हो जाती हैं जब इसी विकासशील भारत में हम मिलावट का बाज़ार सिर चढ़ कर बोलता हुआ देखते हैं। मिलावट ख़ोर केवल दूध घी में ही मिलावट नहीं करते बल्कि यह आटा, बेसन, मसाले, कुट्टू का आटा, तेल, पनीर, मावा आदि सभी खाद्य सामग्री में मिलावट करते हैं। कैमरा मोबाईल के इस दौर में अब न तो यह सब केवल आशंकायें रह गयी हैं न ही अंदाज़े। बल्कि इसी मिलावटख़ोर नेटवर्क में ही काम करने वाला कोई शख़्स जब इस भ्रष्ट व मिलावटख़ोर व्यवस्था से किन्हीं भी कारणों से स्वयं को अलग करता है वही व्यक्ति काम छोड़ने से पहले चुपके से इस मिलावटख़ोरी प्रकरण की पूरी वीडिओ तैयार करता है और खुद ही उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर देता है। फ़िर चाहे वह सब्ज़ियों में ज़हरीले इंजेक्शन लगाकर रातोंरात सब्ज़ी का आकर व वज़न बढ़ाना हो या रासायनिक अथवा डिटर्जेंट दूध तैय्यार करना हो। नक़ली व ज़हरीली मिठाइयां बनाना हो। घोर गंदिगी के वातावरण में खाने पीने का सामान तैयार करना हो या खाद्य सामग्री तैयार करते समय उसमें सड़ी गली चीज़ों का प्रयोग हो। सब कुछ देश की जनता देखती रहती है। हद तो यह कि बाज़ारों में सरे आम चांदी और सोने का वर्क़ लगी मिठाईयां बेची जा रही हैं जिनमें न ही सोना है न ही चांदी बल्कि एल्यूमीनियम जैसी घातक धातुओं को चांदी और सोने के वर्क़ के नाम पर पूरे देश में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है।

मिलावटख़ोरी रोकने वाले विभाग वैसे तो वर्ष भर निरंतर जांच पड़ताल करने व नमूने इकट्ठे करने के लिये गठित किये गए हैं। परन्तु इन में मिलावटी मिठाइयों व खाद्य सामग्रियों की जांच पड़ताल में तेज़ी या विभागीय सक्रियता त्यौहारों से कुछ दिन पहले ही नज़र आती है। यही वजह है कि मिलावटख़ोरों के हौसले बुलंद रहते हैं और साल भर मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वाले लोगों के त्यौहारों के दौरान भी यह बाज़ नहीं आते। और इन्हीं त्योहारों के दिनों में वह मोटे नोट कमाते हैं। इस दौरान यदि खाद्य व स्वास्थ्य विभाग की टीम छापा मार कार्रवाई करती भी है और मिठाइयों या अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेती भी है तो यह कार्रवाई एक लम्बी क़ानूनी प्रक्रिया से गुज़रती है। अगर मामला लेदेकर रफ़ा दफ़ा नहीं भी हुआ तो सेम्पल की लैब रिपोर्ट आने तक इंतज़ार करना पड़ता है। जबतक रिपोर्ट नेगेटिव नहीं आती तब तक दुकानदार अपना संदिग्ध सामान बेच सकता है। गोया फ़िलहाल तो इस तरह की छापामार कार्रवाई केवल ख़ानापूर्ति ही साबित होगी। और यदि सेम्पल फ़ेल हो जाता है और मिलावटख़ोरी साबित भी हो जाती है तो प्रायः इनपर 20 या 25 हज़ार रुपए जुर्माना हो जाता है। इस जुर्माने को मिलावटख़ोर आसानी से भरकर किसी कड़ी सज़ा से बच जाता है। नतीजतन मुंह में हराम के पैसे लग चुके ऐसे लोग पुनः मिलावट का काम करने में जुट जाते हैं। दरअसल किसी भी खाद्य सामग्री में मिलावटख़ोरी का सीधा सा अर्थ है आम लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करना। आम लोगों को धौमा ज़हर बेच कर खुद तो पैसे कमाना और अपने ग्राहकों के लिये संगीन बीमारी यहाँ तक कि मौत की राह हमवार करना। यह अपराध की उस श्रेणी में नहीं आता जिसमें किसी प्रकार की क्षमा की गुंजाइश हो। यह मिलावटख़ोरों और ज़हर परोसने वालों द्वारा किया जाने वाला ग़ैर इरादतन अपराध का मामला नहीं बल्कि पूरी तरह से सोच समझकर नियोजित तरीक़े से किया जाने वाला अक्षम्य अपराध है। और पकड़े जाने के बावजूद आरोपियों का लेदेकर या जुर्माना भरकर बच निकलना ही पूरे देश में मिलावटख़ोरी के दिनोंदिन बढ़ते जा रहे नेटवर्क को प्रोत्साहित करने का सबसे बड़ा कारण है। इन्हीं की वजह से अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही है। समय पूर्व लोगों की जान जा रही है। ऊँचे रसूख़ रखने वाले स्वामियों की बड़ी से बड़ी नामी ग्रामी कंपनियां जिनके सैम्पल फ़ेल होने की बार बार ख़बरें आती रहती हैं उन पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। और इन अपराधियों के बुलंद हौसलों से 'प्रेरित' होकर पूरे देश में केवल खाद्य सामग्री ही नहीं बल्कि जीवन रक्षक दवाइयां तक नक़ली व मिलावटी बिकने लगी हैं। इस नेटवर्क से जुड़े लोगों को जुर्माने नहीं बल्कि कठोर दंड की ज़रूरत है। पेशेवर मिलावटख़ोर साबित होने पर तो ऐसे लोगों को फ़ांसी की सज़ा तक मिलनी चाहिये। अन्यथा इनके घरों पर बुलडोज़र चलना चाहिये ,इनकी सम्पत्तियाँ ज़ब्त की जानी चाहिये। इतना ही नहीं बल्कि जिस इलाक़े में ऐसे अपराधी रहते हों उस इलाक़े में इनका पूर्ण सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिये। मुफ़्तख़ोरी करने वाले ऐसे लोग केवल लोगों की जान से ही खिलवाड़ नहीं करते बल्कि इनकी वजह से पूरी दुनिया में भारत की बदनामी भी होती है। सीधे शब्दों में मिलावटख़ोरी देश के लिये एक कलंक साबित हो रही है।

आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज का दिन आपके जीवन में एक नई दिशा लेकर आयेगा। इस राशि के बच्चों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात हो सकती है। आज आप नई योजनाओं पर नए तरीके से काम करेंगे। घर पर धार्मिक आयोजन करने का मन बना सकते हैं। अगर आप कोई इंटरव्यू देने जा रहे हैं, तो आज आपकी सफलता के योग बन रहे हैं।

वृष राशि- आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिये आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा फायदा होगा।

मिथुन राशि- आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपको जीवन में आगे बढ़ने के लिए नई योजनाएं बनानी चाहिए। अपना और अपने जीवनसाथी की सेहत का ख्याल रखे। कुछ छिपे विरोधी आपके काम में अड़चने डालेंगे परन्तु आप का पॉजिटिव अप्रोच आपको मजबूत बनाये रखेगा। लाइब्रेरियन की सैलरी मे इंक्रीमेंट होने के योग हैं।

कर्क राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको लाभ मिलेगा। अगर नया बिजनेस स्टार्ट करना चाहते हैं तो पहले उसके बारे में अच्छे से जानकारी कर लें। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप कार सीखने की प्रैक्टिस कर सकते हैं। जो छात्र विज्ञान में रुचि रखते हैं, उनका दिन अच्छा रहेगा।

सिंह राशि- आज आप अपने दिन की शुरुआत प्रसन्नता पूर्वक होगी। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा। किसी सामाजिक समारोह में आपकी भागीदारी होगी।

कन्या राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज काम पूरा करने में आपको किसी सहयोगी की मदद मिलेगी। आपके करियर में अचानक बदलाव आयेगा, जिससे आपको धन लाभ होगा। आज आपका वैवाहिक जीवन खुशहाल बना रहेगा। आपकी माता का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। कोई करीबी रिश्तेदार आपकी शादी के लिए बात कर सकते हैं। अपनी स्किल पर ज्यादा से ज्यादा काम करें आपको भविष्य में इसका अच्छा लाभ मिलेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आर्थिक पक्ष आज मजबूत रहेगा। आपके काम में माता-पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आपको अपने बच्चों के सफलता से खुशी मिलेगी, बच्चों में भी उत्साह बना रहेगा। आज आपका सोशल नेटवर्क मजबूत रहेगा। अपने बिजी शेड्यूल से थोडा समय ईश्वर की पूजा पाठ के लिए निकालो। मन शांत रहेगा। महिलाएं आज अपने घर के कामों में व्यस्त रहेंगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन आपके जीवन मे नया बदलाव लेकर आएगा। आज आप किसी दोस्त के घर डिनर के लिए जायेंगे, जहां मस्ती का माहौल रहेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। आर्थिक रूप से आज आपको सफलता मिलेगी। मार्केट से आज कुछ नए प्रोडक्ट खरीद सकते हैं। आज आपका काम बेहतर ढंग से पूरा होगा।

धनु राशि- वालों आज आपका आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको कोई भागदौड़ वाला काम करना पड़ सकता है। अपने काम को सरल बनाने के लिए आप नई तकनीकों का सहारा लेंगे। सेल्समैन को आज किसी क्लाइंट से अच्छा लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताने के लिए कहीं बाहर घूमने जायेंगे। लोगों को तेजी से परखने की क्षमता आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज आपके बच्चे डांस क्लास ज्वाइन कर सकते हैं।

मकर राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा हुआ रहने वाला है। इस राशि के विवाहित किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। बिजनेस के काम में आपको। बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। जो लोग मूर्ति के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिलेगा। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिखने का मन बनायेंगे, जिसे लोगों द्वारा पसंद किया जायेगा। पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा।

कुम्भ राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। परिवार के साथ मंदिर में दर्शन के लिए जायेंगे। आज आप दोस्तों के साथ मॉल घूमने जायेंगे और साथ मे शॉपिंग भी करेंगे। इंजीनियरिंग कर रहे स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स को शिक्षकों का पूरा- पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा सीखने को मिलेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज आपके सभी काम समय पर पूरे होंगे, काम के नए टारगेट बनायेंगे। आज आपको स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के मान-सम्मान में इजाफा होगा। पार्टी में उनको कोई उच्च पद भी मिलेगा। इस राशि के जो लोग जॉब की तलाश में हैं, उन्हें आज जॉब मिलने के आसार हैं।

व्यंग्य

गप्प हाँकन कला

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

बैक बेंचरों में गप्प हाँकना एक सृजनात्मक कार्य है। यदि कोई गप्प हाँकने की कला में पटु है और सपने में अक्सर दूर के ढोल सुहावने दिखाई दें तो समझिये कि किसी न किसी की मेहनत लूटने वाली है। या यूँ कहिए कि ईमानदारी और मेहनत के घर घपले का जन्म होने वाला है। जमाने की आर्द्रता में गप्प हाँकुड़ों की नमी हो, तो वहाँ कथनी दिल्ली और करनी चौखट पर दिखाई देगी। बैक बेंचर केवल बैक बैंचर नहीं होते, बल्कि आफत-ए-सरदार होते हैं। जो जितना गप्प हाँकता है, वह उतना ही ऊँचा उठता जाता है। वैसे इन गप्प हाँकुड़ों का क्षेत्र काफी घेराव लिए होता है। जमीन खरीदने-बेचने के फील्ड में ये उतर आएँ तो वे हाथ आजमाने की जगह मुँह आजमाने लगते हैं। इन गप्प हाँकुड़ों की चले तो प्लाट के बगल से मेट्रो नहीं जाएगी, बल्कि मेट्रो सवारियों को सीधे उनके घर जा-जाकर उतारेगी। गप्प हाँकुड़ों के जबड़े हमेशा लटके होते हैं। यहाँ तक कि मरते समय भी। अब भला मुँह का यंत्र चल-चलकर लटकेगा नहीं तो जुड़कर रहेगा। खूब बतकही करने से जबड़े के न दिखाई देने वाले पेंच ढीले पड़ जाते हैं। ऐसे में मुँह का खुला रहना लाजमी है। गप्प हाँकुड़ों का सपना होता है कि मौका मिले तो एक बार लालकिले से गप्प हाँक लें। लेकिन वे भूल जाते हैं कि सरकार से बढ़कर कोई दूसरा गप्प नहीं हाँक सकता। सरकारी गप्प अक्सर शासनादेश की तरह होता है, और वह भी न समझ में आने वाली सरकारी भाषा में। इन गप्पों को नकारने में भूलसुधार कम, ढोंग-दिखावा का दावा अधिक होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि गप्प करने का कोई समय, स्थान, धर्म, आचार-विचार, रंग-रूप नहीं होता है। बैक बैंचरों के पास हर समय गप्प हाँकने का समय होता है। आगे चलकर यही बहुसंख्यक बनते हैं फिर उन्हें रोटी चाहे न मिले, पर गप्प की खुराक बराबर चाहिए होती है। जब तक गप्प न हो उनका पेट नहीं भरता है। इंडियट बॉक्स टीवी पर अनगिनत चैनल हैं और टीआरपी गप्प उड़ा ले जाता है। लालकिला गप्प हाँकने का सबसे बड़ा केंद्र है। सर्दी-बरसात में यहाँ से ऐसे गप्प हाँके जाते हैं कि गर्मी में यहाँ आने की जरूरत ही नहीं पड़ती। देश का सबसे बड़ा गप्प हाँकुड़ु अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर मीडिया को अपनी जेब में लिए घूमता है। दुनिया को दिल का दौरा पड़ता है तो गप्प हाँकुड़ों को लंबी-लंबी फेंकने का। बैंक बैंचर अक्सर आगे चलकर खादीधारी बनते हैं। खादीधारी दोपाया प्राणी जितना गप्प हाँकता है वो पार्टी में उतना सक्रिय माना जाता है। बिना किसी की सुने गप्प-गप्प करने वाले गप्पाड़ियों को पार्टियाँ प्रायः अपना प्रवक्ता यानी भोंपू घोषित कर देती हैं। अब उसका गप्प कुछ हद तक पार्टी का गप्प माना जाता है। गप्प अगर पकड़ा जाए तो प्रवक्ता कह सकता है कि मीडिया ने तोड़मरोड़ कर पेश किया है। गप्प की विशेषता ये है कि उससे कभी भी मुकरा जा सकता है। या फिर खिसियानी हंसी के साथ यह भी कहा जा सकता है कि 'यह तो मजाक था'। आदतन गप्पासुर बुलडोजर की तरह होता है और कहीं भी बकवास करने लगता है, जहां अपेक्षित नहीं हो, या जहां मना हो वहां भी। जैसे किसी के अंतिम संस्कार में पाए गए हैं तो आप देखेंगे कि वहां भी उनके मुंह की जिप खुली है और किए जा रहे हैं। दो मिनिट के मौन की आवाज आती है तो वे 'नानसेंस' कहते हुए बड़ी मुश्किल से आधा मिनिट विश्राम करते हैं और 'ओमशांति ' के पहले ही पुनः करने लगते हैं। समाचार चैनल-पत्र गप्प को 'ब्रेकिंग-न्यूज' बनाने का उद्योग चलाते हैं। उस पर दिनभर के गप्प को शाम तक महागप्प सिद्ध करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। बड़े गप्पाड़ियों के आसपास चमचे होते हैं, वे उन्हें बताते हैं कि उनके गप्प ने 'आग लगा दी' है। सुनते ही चौड़े हो गए 'गप्प सरदार' को लगता है कि उसके गप्प पेट्रोल हैं, और 'आग लगाना' बड़ी उपलब्धि। ऐसे में वह अरुणाचल पर बकवास करते हुए चीन की आधी जमीन पर भी कब्जा कर लेता है। ताली मारते चमचे मान जाते हैं कि लोकल लेबल पर अंतरराष्ट्रीय गप्प कोई छोटी सफलता नहीं है। गप्पासुर इससे बहुत उत्साहित हो जाते हैं जिसका असर उसकी अगले गप्प में साफ झलकता है और बहुत जल्दी इसाइल पर उसके गप्प के बादल छा जाते हैं। ऐसे में उसका हाथ अपने आप मूंछों पर चला जाता है, जिनकी नहीं होती वे साफ मैदान पर हाथ मार कर जश्न मना लेते हैं। कुछ लोग सेल्फमेड श्रेणी के होते हैं, वे एक आदमी को पकड़ कर भी गप्प हाँक लेते हैं। पीड़ित लोग ऐसे गप्पजाँम्बी को देखते ही पतली गली नाप लेते हैं, वे जानते हैं कि उनकी नजर पड़ी और दुर्घटना घटी। हालांकि सब इतना नहीं डरते हैं, कुछ लोगों की रोजी-रोटी होती है गप्प बटोरना, जैसे हमारी अम्माएँ कभी गोबर बटोर कर उससे चूल्हा जलाती थीं। पापी पेट का सवाल न होता तो वे अवश्य इनसे तड़कते-भड़कते समाचार बना लेतीं।

विश्लेषण

सुशील देव

मिलावटी मिठाइयां:कहीं रंग में भंग न कर दें

त्योहार कोई भी हो, मीठा न हो तो सब फीका रह जाता है। मगर इस मीठे की जगह जहर हो तो कल्पना कीजिए, क्या होगा? सब रंग-भंग हो जाएगा। इस दीपावली में कहीं ऐसा न हो कि आप जिन्हें उपहार में मिठाई दे रहे हैं, उनमें कुछ जहर जैसा तो नहीं?

जरा सोचिए, आखिर हम उनका मुंह मीठा करा रहे हैं, या फीका। जी हां, हम अपने शहर की मिठाइयों की ही बात कर रहे हैं। दिल्ली ही नहीं, बल्कि देश भर से ऐसी मिठाइयों की शिकायतें मिलती रहती हैं। इसलिए यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि त्यौहारों में नकली मिठाइयों की यहां भरमार है। हमें इनसे हमेशा सतर्कता बरतनी चाहिए। हम इन मिठाइयों से कैसे बचें, इनकी शुद्धता कैसे सुनिश्चित हो, इस पर सजगता दिखाने की जरूरत है।

नकली खोवा-मावे की मिठाई की बात आपने खूब सुनी होगी। प्रशासन ने भी मिलावटी मिठाइयों की खूब धर-पकड़ की है। कई मामले दर्ज हुए। कोर्ट में सुनवाई हुई। लगातार कुछ सजा भी हुई हैं, लेकिन ऐसी कोई सजा अब तक नजीर नहीं बन सकी जो मिलावटखोरों के दिलों में खौफ पैदा कर सके। खेदजनक है कि हम लोग ऐसे मिलावटों के प्रति बिल्कुल बेखबर हैं, उदासीन हैं। मूकदर्शक बनकर हम इनके शिकार बनते जा रहे हैं। सनद रहे कि नकली या मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर सख्त सजा का प्रावधान है। दोषी पाए जाने पर आरोपी को 6 माह से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। पीएफए अधिनियम की धारा 7/16 के मुताबिक मिलावट करने पर अधिकतम 3 साल की सजा होती है। धारा 57 के तहत तो 10 लाख रुपये के जुर्माने का भी प्रावधान है।

दिल्ली-एनसीआर में रोजाना आने वाली हजारों टन खोवे और मेवे की खेप से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि इसके लिए आखिर, दूध की उपलब्धता कैसे संभव हो पाती है? होली, दशहरा, दीपावली और छठ के समय दिल्ली-एनसीआर की गली-गली में दूध से तैयार मिठाइयां बिकती हैं। खरीददार इन्हें शौक से खरीद कर त्यौहार सेलिब्रेट करते हैं परंतु उन्हें नहीं पता होता कि सेलिब्रेशन के मीठेपन में कौन सा हानिकारक तत्व उनके जीवन को धीरे-धीरे नष्ट कर रहा है। हार्ट, शुगर या बीपी वाले मरीजों के लिए तो यह बहुत ही खतरनाक है। साधारण समझ की बात यह है कि इस समय दिल्ली की आबादी करीब 3 करोड़ है, जिसमें करीब एक करोड़ से अधिक आबादी परिवार के साथ अपने मकान में रहती है। हर परिवार को रोजाना एक से डेढ़ लीटर दूध की जरूरत होती है। चाय की दुकान, मिठाई की दुकान, शादी-विवाह या अन्य समारोहों के लिए भी किसी न किसी रूप में दूध की जरूरत होती है।

आखिर, इतना दूध कहां से आता है? दूध की खपत तब और बढ़ जाती है, जब त्योहारों का सीजन आता है। जरा सोचिए, दूध की आपूर्ति इसके बावजूद कम नहीं होती। निश्चित रूप से दिल्ली एनसीआर में दूध का काला कारोबार चलता है।

दिल्ली से सटे सीमावर्ती राज्यों के कुछ इलाकों से नकली खोवा और मावा बनने का कई बार भंडाफोड़ हो चुका है। कई लोग पकड़े जा चुके हैं, और अदालतों में इस गंभीर अपराध के लिए दोषियों को दंड भी मिला है लेकिन मिलावटखोरी से समाज को निजात मिलना आज भी चुनौती है। कई बार ऐसी फैक्ट्री या सरगना का पर्दाफाश भी हुआ है, मगर मिलावटी या नकली दूध के साम्राज्य पर कोई असर नहीं पड़ा। दूध समाज के हर वर्ग की जरूरत है लेकिन मिलावटखोर हमें कृत्रिम दूध पिलाकर तरह-तरह की बीमारियों के घेरे में ला देता है।

यूरिया, डिटर्जेंट, शैंपू, चीनी और सोडियम वाई कार्बोनेट के प्रयोग से जहां दूध जहरीला बनता है वहीं डेयरी मालिकों द्वारा पशुओं को प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन का इंजेक्शन लगाकर निकाला गया दूध हमें बीमार करता चला जाता है। पशुओं के साथ इस तरह का व्यवहार जुल्म है। सरकार और प्रशासन को इस कृत्य की जड़ में जाना चाहिए। सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन सरकार या प्रशासन के ढुलमुल रवैये के कारण त्यौहारों में मिलावटी मिठाइयां धड़ल्ले से बिकती हैं। विभागीय अधिकारी जांच के नाम खानापूर्ति करते नजर आते हैं।

कई बार मिलावटी मिठाइयों की बात करना भी फिजूल लगता है क्योंकि उपभोक्ता, सरकार और प्रशासन को फिक्र ही नहीं है, या कहें कि इस अपराध के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई देती। सरकार की ओर से इस गोरखधंधे पर सख्त कारवाई नहीं होती। मामला लंबा खिंचता है। कोर्ट-कचहरी का चक्कर लगा रहता है। आरपार के फैसले जल्द नहीं हो पाते। इससे भी अपराधियों का मनोबल बढ़ता चला जाता है। इसमें संलिप्त व्यक्तियों को कानून का खौफ नहीं है। एक मामले में तो मिलावटी दूध के आरोपी को 42 वर्ष पुराने मामले में तब सजा हुई, जब वह खुद 90 साल का बयोवृद्ध हो गया। उसी प्रकार मुजफ्फरनगर की अदालत ने 32 साल बाद मिलावट करने वाले एक शख्स को 6 महीने की सजा दिलाई।

एक नजर

गीदम में ईवीएम खराब होने पर मतदाताओं की लगी लंबी लाइन

गीदम,8 नवम्बर । गीदम के माध्यमिक शाला भवन बोरपदर मतदान केंद्र में मतदान के दौरान अचानक ईवीएम मशीन खराब होने पर लंबी कतारें लगने लगी जिससे मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा वही कई मतदाता वापस अपने घर बिना मतदान के ही लौट गए । बता दे कि छ:ग विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान आज जारी है गीदम में भी सुबह से मतदाता लोकतंत्र के इस पर्व पर बड़े ही उत्साह के साथ शामिल हुए । लेकिन मशीन खराब होने पर लंबी लाइन से मतदाताओ को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा हालांकि करीब 40 से 45 मिंनट के बाद पुनः मतदान शुरू हो गया ।

मतदान करने फस्र्ट टाइम वोटर्स में दिखा उत्साह"कहा- लोकतंत्र की मजबूती के लिए करेंगे वोट"

कांकेर, 8 नवंबर । कांकेर जिले में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं में इस बार खासा उत्साह दिखा। जिले के अधिकांश मतदान केन्द्रों में पहली बार मतदान करने युवावर्ग ने बढ़-चढ़कर वोटिंग की और उत्साहित होकर तख्ती के साथ सेल्फी भी ली। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में नाम जुड़वाकर पहली बार वोट करने वाले युवक-युतवियां आज स्वस्फूर्त होकर काफी संख्या में बूथ पहुंचे। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के नए और फर्स्ट टाइम वोटरों ने मतदान के बाद सोशल मीडिया पर अपने फोटोग्राफ्स साझा भी किया।

दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की सहायता में लगे रहे मतदान मित्र

कांकेर, 8 नवंबर । विधानसभा निर्वाचन के तहत कांकेर जिले के सभी मतदान केंद्रों में वरिष्ठ मतदाताओं, दिव्यांगजनों एवं गर्भवती महिला मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई थी। तीनों विधानसभा क्षेत्रों के आदर्श मतदान केंद्रों में दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं की सहायता के लिए मतदान मित्र तैनात किये गये थे, जिन्हींने व्हील चेयर के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में मदद किये।

ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग कार्य प्रारंभ

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग आज झगरहा स्थित आईटी कॉलेज कोरबा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रारंभ हो गया है। आज कोरबा व कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के लिए ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग किया गया। प्रेक्षक श्री के.सी. जमातिया ने आईटी कॉलेज कोरबा में किए जा रहे कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन 202× अंतर्गत आगामी 17 नव बर 202× को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आज स्ट्रांग रूम में विधानसभा कोरबा व कटघोरा हेतु मशीनों का कमीशनिंग किया जा रहा है।

सामान्य प्रेक्षक एवं कलेक्टर ने किया कमिशनिंग का निरीक्षण

महासमुंद 8 नवंबर । विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन का कमिशनिंग कार्य मंडी परिसर पिटियाझर में किया जा रहा है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में कमिशनिंग कार्य किया जा रहा है। कमिशनिंग कार्य के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री जफर अली एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने आज निरीक्षण किया। उन्होंने किए जा रहे कार्या का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आज सरायपाली विधानसभा के मशीनों का कमिशनिंग कार्य का जायजा लिया। प्रत्येक विधानसभा में 20-20 टेबल लगाए गए है। ज्ञात है कि जिले में 17 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार सीलिंग का कार्य पूरा किया जा रहा है। इस दौरान सरायपाली श्री ओंकारेश्वर सिंह, ए.आरओ श्रीमती मिषा कोसले एवं श्री मनोज खांडे सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा

विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु समस्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण बुधवार प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुन्द में बसना विधानसभा के लिए गठित मतदान दलों को तथा केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में खल्लारी विधानसभा के लिए गठित मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। बसना विधानसभा के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सामान्य प्रेक्षक श्री जफर अली एवं कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने जायजा लिया। उन्होंने अपने समक्ष मतदान कर्मियों से मॉक पोल भी कराया और प्रक्रिया की भी जानकारी ली। कहा कि मतदान अधिकारियों की भूमिका पूरे निर्वाचन कार्य के दौरान उनकी सजगता और जिम्मेदारी पर निर्भर करता है। उन्होंने सभी मतदान कर्मिकों को गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। ज्ञात है कि पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 6 से 8 नवम्बर 2023 तक आयोजित हुआ।

जिले के चारों विधानसभा में 40 संगवारी, 20 आदर्श व 4 दिव्यांग और 4 युवा मतदान केंद्र होंगे स्थापित

महासमुंद 08 नवंबर । जिले में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष पहल की गई है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र, 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र, 01-01 दिव्यांग एवं युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों की स्थापना की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42 अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक महासमुंद- 164, 172, 191, 192, 193, 194, 199, 200, 208 व 225 मचेवा को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र खलारी-41 में मतदान केंद्र क्रमांक घुंचापाली कला- 81, 82, खोपली-84, 85, लालपुर- 104, 109, सिर्रीपठारीमुड़ा-114, दारगांव-115, सुखरीडबरी- 117, 118, विधानसभा क्षेत्र बसना-40 अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक खुसरूपाली-2, राजाडेरा-5, अर्जुनी-10, परसापाली-16, सेवईया कला-31, खेमड़ा- 191, 192, अरेकेल- 230, 231, बड़ेटेमरी- 244, विधानसभा क्षेत्र सरायपाली-39 अंतर्गत मतदान केन्द्र सरायपाली- 127, 128, 129, 130, 131, 132, पतेरापाली-139, 140 एवं झिलमिला- 141 व 142 को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी 1, 2 और 3 महिला मतदान अधिकारी होंगे।इसी तरह जिले में कुल 20 आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए जायेंगे। विधानसभा क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत महासमुंद- 164, 191, 193, 194 व मचेवा-225 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र घुंचापाली कला-82, खोपली-84, 85, दारगांव-115, सुखरीडबरी-118, बसना विधानसभा क्षेत्र के तहत खुसरूपाली-2, परसापाली-16, सेवईया कला-31, धनापाली-151 व दुरूगपाली-145 तथा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र सरायपाली- 130, 131, 132, पतेरापाली-139 व झिलमिला-141 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है।

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुकराडीह-20 को दिव्यांग केन्द्र बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र खल्लारी अंतर्गत बागबाहरा कला-110, विधानसभा बसना अंतर्गत धनापाली-151 तथा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के तहत कुटेला-187 को दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाया गया है।युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र अंतर्गत महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से लाफिनकला-228 को, विधानसभा क्षेत्र खल्लारी अंतर्गत कोमाखान-249, विधानसभा बसना अंतर्गत दुरूगपाली-145 एवं सरायपाली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुसमीसरार-246 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है। ज्ञात है कि जिले में 1079 मतदान केन्द्र है।

तीन अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया

महासमुंद 8 नवंबर। प्रथम निरीक्षण में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि 07 नवम्बर को अभ्यर्थियों द्वारा सरायपाली एवं बसना विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे 08 प्रत्याशियों ने निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया।

इसी तरह बसना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे 10 अभ्यर्थियों में से 07 अभ्यर्थियों ने निर्वाचन व्यय लेखा की जांच हेतु सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसकी जांच कर सत्यापित किया गया। बसना विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रत्याशी श्री रामेश्वर चौहान आजाद जनता पार्टी, श्री प्रहलाद बरिहा निर्दलीय एवं श्री अरविंद प्रधान निर्दलीय ने निर्धारित तिथि को व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया।

72 साल के डॉ. पाणिग्रही ने मतदाता जागरूकता का उठाया बीड़ा

महासमुन्द 8 नवम्बर । 72 साल का एक शख्स प्रतिदिन सुबह 5:00 बजे से तैयार होकर गांव और शहर की गलियों में निकल जाते हैं, जहां उन्हें 18 वर्ष से ऊपर के नागरिक दिखते हैं वहां उनकी स्कूटी रुक जाती है और मतदान की अपील करने लगते हैं। उनका प्रचार का तरीका भी अनोखा है स्वयं अपनी वेशभूषा को प्रचार का माध्यम बनाया है। स्कूटी को भी पर्चा पोस्टर लगाकर आकर्षक तरीके से सजाया है। जिससे लोग दूर से ही देखकर आकर्षित होते हैं। महासमुंद जिला अंतर्गत बागबाहरा निवासी 72 साल का यह शख्स शत प्रतिशत मतदान का बीड़ा उठाया है। इनका नाम डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही है। वैसे तो वे एक निजी कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, लेकिन चुनाव आते ही वह अवकाश ले लेते हैं। उन्होंने बताया कि मैं समाज में स्वच्छता, पर्यावरण, मतदाता जागरूकता के लिए संकल्प लिया हूं। वह एक समाज सेवक के रूप में पहचाने जाते हैं और सरकार द्वारा संचालित साक्षर भारत, खुले में शौच मुक्त ग्राम, पर्यावरण, स्वच्छता के लिए निरन्तर समाज के बीच कार्य करते रहे है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14 के निर्वाचन में जहां महिलाओं को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया था वही उन्हें विशेष रूप से स्वीप का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। वे उस दौरान एकमात्र पुरुष शख्स थे। उनके अच्छे कार्यो के लिए अनेक अवार्ड भी हासिल हुआ है। उनकी स्वीप में भूमिका को देखते हुए जिले का डिस्ट्रिक्ट आइकॉन भी नियुक्त किया गया है। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक ने उनके द्वारा किये जा रहे प्रचार-प्रसार को मतदाता जागरूकता का अच्छा प्रयास बताया है।

वहीं श्री पाणिग्रही ने बताया कि वह न केवल शहर में बल्कि गांव में

भी घूम-घूम कर प्रचार करते हैं। अभी बागबाहरा ब्लॉक के खोपली, दारगांव और अलग-अलग गांव में जाकर मतदान के लिए अपील कर लिए हैं। तृतीय जेंडर के मतदाताओं के बीच भी जाकर अपना अपील कर चुके हैं। वहीं काम करने वाले श्रमिकों व खेत में काम करने वाले किसान और मजदूरों के बीच में भी जाकर मतदान की अपील करते हैं। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचकर मतदान के महत्व को भी बताते हैं। श्री पाणिग्रही ने बताया कि उन्हें कोरोना के दौरान कोरोना योद्धा का अवार्ड भी मिला है वही स्वच्छता पर्यावरण के लिए भी वे लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य समाज में जागरूकता लाना है क्योंकि लोकतंत्र के महापर्व में सब की भागीदारी सुनिश्चित हो इसलिए वह प्रचार का यह तरीका अपनाया है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई मेरे अपील से प्रभावित होता है और जाकर मतदान करता है तो ये मेरे लिये सबसे बड़ा पुरस्कार है।

समाचार संक्षेप

मतदाताओं ने स्वस्फूर्त मतदान किया

सुकमा, 8 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । विधानसभा निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 90 कोण्टा जिला सुकमा के निर्वाचन हेतु आज 07 नवम्बर को मतदान दिवस के अवसर पर जिले के मतदाता स्वस्फूर्त मतदान करने मतदान केन्द्रों में पहुंचे। मतदाताओं में मतदान करने के लिए उत्साह देखा गया। युवा और महिला ने मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। वहीं पर वरिष्ठ और बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। वे उत्साह से वोट डालने मतदान केन्द्र तक पहुंचे। आज प्रातः से ही मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतार मतदान केन्द्रों पर देखी गई।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस और पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण ने भी अपने निर्धारित मतदान केन्द्र मे मतदान किया। कलेक्टर ने आज पॉलीटेक्निक कॉलेज सुकमा में कंट्रोल रूम में पहुंचकर जिले में हो रहे मतदान की स्थिति का जायज़ा लिया।। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवेश पैकरा, संयुक्त कलेक्ट श्री डीसी बंजारे, आरओ श्री श्रीकांत कोराम, एआरओ श्री अजय मोडियम, एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम सहित अन्य अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव कुमार और व्यय प्रेक्षक श्री राजीव रंजन कुमार ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण -विधानसभा क्षेत्र 90 कोण्टा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव कुमार और सामान्य प्रेक्षक श्री राजीव रंजन कुमार ने भी जिले के के विभिन्न ग्रामों में बने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर वहां पर मौजूद मतदान अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिले में 40 पिंक बूथ/ संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए थे। महिला मतदान अधिकारियों ने उत्साह और सजगता से निर्वाचन कार्य के तहत् मतदान कराने के कार्य को सफलता पूर्वक किया। साथ ही विधानसभा क्षेत्र कोंटा में 05 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। जहा मतदान केंद्र में मतदान सफलता पूर्वक किया गया।

जवाबी फायरिंग करने पर नक्सली भागे

सुकमा, 8 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 7 नवंबर को दोपहर लगभग 3 बजे चिंतलनार थाना क्षेत्र अंतर्गत लखापाल की ओर मतदान दल सुरक्षा एवं मतदान शांतिपूर्वक कराने क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन पर निकली कोबरा 201वाहिनी एवं सीआरपीएफ 223 वाहिनी के जवानों के ऊपर नक्सलियों के द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किया गया।सुरक्षा बलों के द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई। लगभग आधे घंटे तक दोनो तरफ से चली फायरिंग में, सुरक्षाबलों को अपने ऊपर भारी पड़ता देख नक्सली जंगल पहाड़ियों की तरफ भाग खड़े हुए। सभी जवान एवं मतदान दल सुरक्षित चिंतलनार थाना वापस हुए। अतिनक्सल प्रभावित लखापाल मतदान् केंद्र में मतदाताओं ने बड़ चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अपना भरोसा जताया।

आईईडी विस्फोट में जवान घायल

सुकमा, 8 नवंबर। नक्सली प्रभावित क्षेत्र सुकमा में आईईडी ब्लास्ट तोंडामरका के पास हुआ ब्लास्ट कोबरा बटालियन का जवान हुआ घायल घायल जवान की हालत ठीक एरिया डोमिनेशन के लिए निकले थे जवान

102 साल की उम्र में वोट करने का ऐसा जज़्बा

कांकेर, 7 नवम्बर। जिले में विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए सभी वर्ग के मतदाताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने वयोवृद्ध भी कमतर नहीं है। जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पखांजूर निवासी 102 साल की कनक मंडल में यह जज्बा देखने को मिला। उन्होंने इस उम्र में वोट देकर मतदाताओं के लिए मिसाल पेश की है। शतायु पार कर चुके विद्यानगर निवासी श्री कनक मंडल ने कहा कि वह शुरू से हर चुनाव में वोट करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की खूबसूरती मतदान करने में है, क्योंकि यही प्रदेश और देश का भविष्य तय करता है।

वोट देने 170 किमी दूर से गांव पहुंचे कमार जनजाति के दीनालाल

कांकेर, 7 नवम्बर। विधानसभा निर्वाचन 202× के अन्तर्गत प्रदेश में प्रथम चरण के मतदान में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के द्वारा मतदान किया जा रहा है। कांकेर विधानसभा क्षेत्र के मावलीपारा मतदान केंद्र में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार मतदाता श्री दीनालाल मरकाम यहां से 170 किमी दूर पखांजूर से वोट करने पहुंचे थे। श्री मरकाम बीईओ कार्यालय पखांजूर में भृत्य के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने कहा कि वोट करना हम सबका पहला अधिकार है और यह दूसरे कामों से सर्वोपरि है। इसी तरह पिछड़ी जनजाति के श्री देवब्रत कमार भी भेजा, भानुप्रतापपुर से मतदान करने पहुंचे थे। वे शासकीय विद्यालय भेजा में भृत्य के पद पर सेवारत हैं।

जिले के आला अधिकारियों ने किया मताधिकार का प्रयोग

कांकेर, 7 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला, एसपी श्री दिव्यांग पटेल और जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल ने आदर्श मतदान केंद्र माहुरबंदपारा में वोट देकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने सेल्फी कॉर्नर और ÷हम साथ साथ हैं÷ फोटो कॉर्नर में एक साथ तस्वीर भी खिंचाई और सभी वोटर्स को मतदान अवश्य करने का संदेश भी दिया।

मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी ऊक मतपत्र से कर पाएंगे मतदान

कोरबा 8 नवंबर । ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनकी ड्यूटी विधानसभा निर्वाचन 202× हेतु मतदान दलों में लगाई गई है, ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रशिक्षण स्थल पर की गई है। 08 एवं 10 नवंबर को शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, साडा कन्या कोरबा, स्वामी आत्मानंद ासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कटघोरा, शासकीय बालक उ`चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा के प्रशिक्षण स्थल में अधिकारी-कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग ने बताया कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण स्थल कोरबा और पाली-तानाखार क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी कटघोरा क्षेत्र के प्रशिक्षण स्थल में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रकरण प्रेषित

पेड न्यूज के संबंध में एमसीएमसी कमेटी के सदस्यों की हुई बैठक

कोरबा 8 नवंबर । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पेड न्यूज़ को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश के तहत विधानसभा निर्वाचन 202× अंतर्गत कोरबा जिले में मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। इसी के साथ ही आचार सहिंता लागू होने के साथ ही जिले में सभी समाचार पत्रों, वेब पोर्टल न्यूज़, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ चैनल, फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम आदि पर हर पल नजर रखने और रिपोर्ट तैयार करने 50 से अधिक सदस्यों की टीम तैनात की गई है। इस कड़ी में टीम द्वारा किसी विशेष प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल तैयार कर उसे आम जनमानस में मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत करने और निर्वाचन को प्रभावित करने के मामलों पर संज्ञान लिया जा रहा है। ऐसे प्रकरण जिला स्तरीय समिति को प्रेषित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में वेबपोर्टल न्यूज़, समाचार पत्रों में प्रकाशित पैडन्यूज़ पर आवश्यक कार्यवाही करने प्रकरण आगे प्रेषित किए गए। इस मामले में रे बंधित को नोटिस जारी करने के साथ ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। समिति की बैठक में अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, नोडल अधिकारी श्री सेवाराम दीवान-संयुक्त कलेक्टर सहित सदस्यगण उपस्थित थे। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोगद्वारा कोरबा जिले में पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने प्रेक्षक भी नियुक्त किए गए हैं। प्रेक्षकों द्वारा जिले के सभी समाचारों पर नजर रखने के साथ ही मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी अवलोकन किया जा रहा है।

ईव्हीपीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने शांति विहार में मतदाता जागरूकता रैली निकाली

कोरबा 8 नवंबर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप के समन्वय से विधानसभा निर्वाचन 202× के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

80 साल से ऊपर और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की प्रक्रिया आज से

कोरबा 8 नवंबर । विधानसभा निर्वाचन-202× अंतर्गत जिले में दिव्यांग मतदाताओं और 80 साल से ऊपर के मतदाताओं को डाकमत पत्र के माध्यम से घर-घर जाकर मतदान की प्रक्रिया 08 से 11 नवंबर के बीच संपादित की जाएगी। नोडल अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग अपर कलेक्टर ने बताया कि 08 नवंबर को विधानसभा क्षेत्र रामपुर और पाली-तानाखार क्षेत्र में और 10 नवंबर को विधानसभा कटघोरा तथा कोरबा क्षेत्र में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। होम वोटिंग की प्रक्रिया के दौरान अ यर्थी व अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। होम वोटिंग से पूर्व नोडल अधिकारी श्री नाग ने मतदान दल के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रारूप 12 (घ) में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के अंतर्गत कुल 250 मतदाताओं ने सहमति दी है। जिसमें से कोरबा विधानसभा अंतर्गत 80 प्लस वाले 108 और दिव्यांग ×9 कुल 147, रामपुर विधानसभा अंतर्गत 80 प्लस वाले 18, दिव्यांग मतदाता 9 कुल 27, कटघोरा विधानसभा अंतर्गत 80 प्लस वाले 20 और दिव्यांग में 7 तथा पाली-तानाखार अंतर्गत 80 प्लस वाले मतदाता ×1 और दिव्यांग में 18 कुल 49 मतदाताओं ने सहमति पत्र दिया है।

निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने पर चार अभ्यर्थियों को कारण बताओ नोटिस दिया

■ 48 घण्टे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिये गये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम 8 नवम्बर । विधानसभा निर्वाचन - 2023 के अंतर्गत व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने के कारण चार अभ्यर्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 54 राजिम से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अभ्यर्थी श्री भुनेश्वर निषाद, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी श्री संतोष कुमार साहू, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री गणेश सोनी एवं निर्दलीय अभ्यर्थी श्री संतु ध्रुव शामिल है। रिटर्निंग ऑफिसर राजिम ने बताया कि 06 नवम्बर को समस्त अभ्यर्थियों को अपना निर्वाचन व्यय लेखा, समस्त बिल - व्हाउचर, संबंधित दस्तावेज एवं बैंक पासबुक सहित व्यय प्रेक्षक - व्यय लेखा दल के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। निर्धारित तिथि को चार अभ्यर्थियों द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया। जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 (1) के प्रतिकूल है। इस संबंध में अभ्यर्थियों

को कारण बताओ नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने निर्देश दिये गये है। अन्यथा भारतीय दंड संहिता 1860 के धारा 171 (1) के प्रावधानों के अनुसार एफआईआर दायर किया जायेगा एवं निर्वाचन अभियान के लिए प्रचार वाहनों की अनुमति वापस ले ली जायेगी। उक्त अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि स्वयं या निर्वाचन अभिकर्ता को आगामी द्वितीय निरीक्षण हेतु प्रस्तावित तिथि 10 नवम्बर 2023 को अपना निर्वाचन व्यय लेखा, समस्त बिल-व्हाउचर, संबंधित दस्तावेज एवं बैंक पासबुक सहित व्यय प्रेक्षक - व्यय लेखा दल के समक्ष अनिवार्यतः उपस्थिति सुनिश्चित करें।

मतदाता जागरुकता के लिए बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला

राजिम,8 नवंबर। चुनाव में लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रशासन के द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न प्रकार से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में संकुल केंद्र किरवई के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला धमनी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। बच्चों ने ग्राम भ्रमण कर मतदाता जागरुकता रैली निकाली तथा नारों के द्वारा लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक महेन्द्र पंत ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां पर देश के प्रत्येक वयस्क नागरिक को मत देने का अधिकार प्राप्त है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने बच्चों से अपील किया की वे अपने माता-पिता तथा परिवार के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। शिक्षक के द्वारा मतदान से संबंधित विभिन्न जानकारी बच्चों को दी गई। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सुखेन साहू, प्रधान पाठक प्रीति नायक, पदमनी साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, उत्तम भारती, अनिता राजपूत, मनीषा दीवान, योगेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, मीना कुर्रे तथा पालकगण उपस्थित थे।

एक नजर

उम्मीवादरों के लिए व्यय लेखा का निरीक्षण कराने की तिथि निर्धारित

महासमुंद। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए विधानसभा क्षेत्र 42 महासमुंद अंतर्गत चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय का निरीक्षण के लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा समय सारणी निर्धारित किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी उमेश साहू द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि व्यय लेखा निरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत द्वितीय जांच 11 नवंबर 2023 एवं तृतीय जांच 15 नवंबर 2023 को दो पालियों में कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद में होगी।इन निर्धारित तिथियों में प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक उम्मीदवार योगेश्वर राजू सिन्हा भारतीय जनता पार्टी, अशोक सिदार छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी, चंद्रप्रकाश ढीढी सर्व आदि दल, डेजीरानी नेताम गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, पंकज साहू स्वाभिमान पार्टी, रंजीत चंद्राकर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, रामशरण टण्डन पिछड़ा समाज पार्टी (यू), हमेंद्र कुमार जांगड़े निर्दलीय, योगेश कुमार ठाकुर निर्दलीय एवं जय कोसरिया निर्दलीय को व्यय लेखा जांच के लिए उपस्थित होने कहा गया है। इसी तरह दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक उम्मीदवार डॉ. रश्मि चंद्राकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भुनेश्वरी सतनामी जनता कांग्रेस, संजय कुमार यादव आम आदमी पार्टी, अशवंत कुमार साहू जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), चंचलवाणी राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, गणेश राम ध्रुव निर्दलीय, बृजलाल ठाकुर निर्दलीय, गंगुराम ठाकुर निर्दलीय, जागेश्वर चंद्राकर निर्दलीय एवं किरण धृतलहरे निर्दलीय को व्यय लेखा जांच के लिए उपस्थित होने कहा गया है। समस्त उम्मीदवारों को अपना व्यय लेखा निरीक्षण कराने के लिए स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से व्यय लेखा रजिस्टर मय समस्त दस्तावेज, बिल व्हाउचर्स के साथ जांच के लिए उपस्थित होने कहा है। निर्धारित तिथि में लेखा निरीक्षण पूर्ण न होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में उपस्थित होकर पूर्ण करावें।

कलेक्टर और सामान्य प्रेक्षक ने कमीशनिंग का किया निरीक्षण

महासमुंद। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के खल्लारी और बसना विधानसभा के लिए उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का कमीशनिंग कार्य मंगलवार को मंडी परिसर पिटियाझर में किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में कमीशनिंग कार्य किया गया। कमीशनिंग कार्य के दौरान सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर का भी अवलोकन किया। उन्होंने किए जा रहे कार्यो का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कमीशनिंग के लिए प्रति विधानसभा वार 20-20 पर्यवेक्षक और 40-40 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक भीमनवार ने अपने समक्ष मॉक पोल भी करवाया।

शाम 5 बजे तक अनंतिम आंकड़े अनुसार 75.12 प्रतिशत रहा मतदान

राजनांदगांव 8 नवम्बर । विधानसभा निर्वाचन 2023 में आज राजनांदगांव जिले के मतदाताओं में मतदान के लिए अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। मतदान की प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की वापसी शुरू हो गई है। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी हो रही है। प्राप्त अनंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक 6 लाख 12 हजार 523 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 75.12 प्रतिशत है। इसमें 3 लाख 3 हजार 970 पुरूष मतदाता एवं 3 लाख 8 हजार 553 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों में पुरूष मतदाता 74.77 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 75.46 प्रतिशत है।प्राप्त अनंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) में 1 लाख 62 हजार 350 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 77.40 प्रतिशत है। इसमें 80 हजार 926 पुरूष मतदाता एवं 81 हजार 424 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों में पुरूष मतदाता 76.60 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 78.20 प्रतिशत है।विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव में 1 लाख 56 हजार 587 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 70.05 प्रतिशत है। इसमें 78 हजार 591 पुरूष मतदाता एवं 77 हजार 996 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों में पुरूष मतदाता 75.76 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 72.40 प्रतिशत है।विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव में 1 लाख 55 हजार 745 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 76.80 प्रतिशत है। इसमें 78 हजार 177 पुरूष मतदाता एवं 77 हजार 568 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों में पुरूष मतदाता 76.60 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 77 प्रतिशत है।विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी में 1 लाख 37 हजार 841 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 72.01 प्रतिशत है।

स्काउट गाइड स्थापना दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

राजिम -भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य सचिव कैलाश सोनी,जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन एवं आशीष साहू डी ओ सी स्काउट सीमा साहू डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में भारत स्काउटस एवं गाइडस दिवस के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद में किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद व अध्यक्षता रेखा शुक्ला (जिला आयुक्त गाइड)ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य दीपक बौद्ध स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद उपस्थित थे.कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ किया गया.तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत स्कार्प लगाकर किया गया.इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न धर्म के अनुयायियों द्वारा पाठ का आयोजन किया गया जो स्काउट की निर्धारित प्रार्थना है। मुख्य अतिथि रीता यादव(मु. का. पा.अधि.)ने कहा कि सेवा भावना स्काउट गाइड का मुख्य कार्य है. आप सभी मतदान केंद्र में जाकर, दिव्यांग,बुजुर्ग एवं असहाय लोगों को बूथ स्थल तक लाने ले जाने में उनकी मदद जरूर करें.साथ साथ त्याग, समर्पण और निस्वार्थ भावना के साथ कार्य करते हुए मानवता का परिचय देवें.प्राचार्य दीपक बौद्ध ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है. क्यूंकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है. हमें अनुशासित होकर कार्य करना चाहिए जिससे सफलता प्राप्त हो सके।

रेखा शुक्ला(जिला आयुक्त गाइड) ने ऐ मालिक तेरे बंदे हम प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमे सकारात्मक सोंच के साथ कार्य करना चाहिए तो निश्चित ही सफलता मिलेगी.कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव रोमन लाल साहू ने व आभार व्यक्त चैतन्य यदु टेक्निकल प्रभारी ने किया.इस अवसर पर जिला भोजन प्रभारी प्रेमलाल साहू,जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू, बलदाऊ ध्रुव प्रभारी प्राचार्य, धर्मेन्द्र ठाकुर,लुकेश्वर प्रधान, गोविंद किशोर सिन्हा,किरन नंद, धर्मेंद्र मार्टल,किरण सारथी,वर्षा पटेल, स्काउट गाइड व रोवर रेंजर उपस्थित थे।

व्यय प्रेक्षक ने मतदान केन्द्र धुसेरा एवं कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

राजनांदगांव 8 नवम्बर । विधानसभा डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव के व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे ने आज डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 165 धुसेरा एवं राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के संगवारी मतदान केन्द्र 120 राजनांदगांव शासकीय दिग्विजय कालेज पहुंचकर मतदान कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान दलों से मतदान प्रगति के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने पहली बार मतदान देने पहुंची कुसुमलता साहू एवं उनकी माँ श्रीमती प्रमिला साहू से बातचीत की। व्यय प्रेक्षक से कुसुमलता साहू ने कहा कि पहली बार मतदान देकर बहुत खुशी महसूस हो रही है। हम सभी को देश एवं राज्य की प्रगति के लिए मतदान जरूर करना चाहिए। व्यय प्रेक्षक ने सभी मतदाताओं से मतदान केन्द्र पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के संगवारी मतदान केन्द्र 120 राजनांदगांव शासकीय दिग्विजय कालेज राजनांदगांव में मतदान कार्य का अवलोकन किया।

अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वीवीपैट का स्कूटनी किया गया

मोहला 8 नवंबर । विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत मतदान कार्य संपन्न होने के उपरांत ईव्हीएम मशीन एवं वीवीपैड को शासकीय नवीन लाल श्याम शाह महाविद्यालय में बनाये गयें स्ट्रांग रूम में सीलिंग किया गया है। जनरल आब्जर्वर श्री शकील अहमद एवं कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने सभी प्रक्रिया अपने समक्ष कराया। स्कूटनी के साथ ही समस्त ईव्हीएम एवं वीवीपैड मशीनों का मिलान किया गया है। साथ ही साथ मतदान के दौरान उपयोग में आने वाले सभी प्रकार के प्रपत्रों, दस्तावेजों का मिलान एवं समीक्षा किया गया। इस दौरान राजनीतिक दल के प्रतिनिधि एवं अभ्यर्थी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करने वालों प्रति आभार व्यक्त किया

मोहला 8 नवंबर । कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान प्रक्रिया में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, अभ्यार्थियों, निर्वाचन में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, मतदान दिवस पर नियुक्त अधिकारी कर्मचारी, जिले के सभी मतदाताओं, नागरिक गणों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने कहा कि सभी के सहयोग से जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न हो सका है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी ने जिले की गरिमा को बनाए रखने में अपना योगदान दिया है। उन्होंने सभी के प्रति निर्वाचन कार्य को संपन्न करने के लिए दिये गये सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

मोहला मानपुर में 79.38 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया

मोहला 8 नवंबर । विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत 79.38 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार अंतिम आंकड़े प्रस्तुत कर दिया गया है। इसके अनुसार 78.81 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने एवं 79.93 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। कुल मत प्रतिशत 79.38 प्रतिशत रहा है।

कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

राजनांदगांव 8 नवम्बर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने आज जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने वेसलियन स्कूल राजनांदगांव, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव, दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, तुमड़ीबोड़, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव, घोरदा के मतदान केन्द्र तथा कंट्रोल रूम डोंगरगढ़ का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारियों से मतदान प्रतिशत के संबंध में जानकारी ली। साथ ही यह देखा की पीठासीन अधिकारियों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित हो। उन्होने संगवारी मतदान केन्द्रों में तैनात महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। पहली बार मतदान कराए रहे युवा मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा संगवारी मतदान केन्द्र डोंगरगढ़ के निरीक्षण के दौरान मतदान करने आई 75 वर्षीय बुजुर्ग मुन्नी बाई को व्हीलचेयर में बैठाकर मतदान केन्द्र तक लाया गया। उन्होंने लालबहादुर नगर के मतदान करने आई बुजुर्ग 76 वर्षीय हेलाबाई देवांगन का मतदान केन्द्र में लाने के लिए सहयोग किया। इसी तरह 78 वर्षीय बुजुर्ग श्री ज्ञान

साहू को व्हीलचेयर में बैठाकर मतदान केन्द्र तक लाया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदान मित्रों के रूप में स्काउट-गाईड, एनसीसी के विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने छुरिया में बनाए गए युवा मतदान केन्द्र और संगवारी मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान श्रीमती कौशल्या बाई को व्हीलचेयर में बैठाकर मतदान केन्द्र के भीतर लाने में सहयोग किया।

राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया आयोजन

बीजापुर 8 नवम्बर । ताजुद्दीन आसिफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर/ अध्यक्ष, तालुका विधि: सेवा समिति बीजापुर जिला बीजापुर द्वारा खण्डपीठ सदस्य श्री रामदास कश्यप अधिवक्ता एवं श्री सैफ अली खान अधिवक्ता की उपस्थिति में उप जेल बीजापुर, जिला -बीजापुर में विचाराधीन बंदियों से संबंधित प्रकरण का राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत में शमन / प्ली बारगेनिंग / स्वीकारोक्ति के आधार पर निराकरण किया गया।ताजुद्दीन आसिफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर द्वारा उप जेल बीजापुर, में विचाराधीन बंदियों को उनके प्रकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए, विचाराधीन बंदियों को विधिक अधिकारों से अवगत कराया गया तथा उन्हें सुप्रीम कोर्ट के प्रावधान के तहत् विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क पैरवी करने हेतु वकील की सुविधा के बारे में बताया गया।विचाराधीन बंदियों को प्रकरण के प्रत्येक पेशी तिथि को न्यायालय में उपस्थित किये जाने अथवा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विचाराधीन बंदियों का न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु जेल अधीक्षक उप जेल बीजापुर को निर्देशित किया गया तथा विचाराधीन बंदियों के समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु तत्काल कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।विचाराधीन बंदियों द्वारा पूछे गये प्रश्नो का जवाब देते हुये उन्हे आपराधिक कृत्यो से दूरी बनाते हुए भविष्य में समाज में सामान्य जीवन जीने हेतु मार्ग-दर्शन दिया गया। राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविर मेंबालमिकी ध्रुव (जेल अधीक्षक, उप जेल बीजापुर) एवं जेल के कर्मचारीगण तथा व्यवहार न्यायालय बीजापुर के न्यायालयीन कर्मचारी श्री पीताम्बर सिंह मण्डावी (प्रस्तुतकार), सुरजीत कोरम् (सहायक ग्रेड-3, सुनील कुमार मौर्य (वाहन चालक) विरेन्द्र भास्कर (नृत्य) एवं डोमेन्द्र कुमार साहू (कोर्ट मोहर्रिर) उपस्थित रहें हैं।

समाचार संक्षेप

सुरक्षा बलों ने 13 आईडी बरामद की

बीजापुर, 8 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 07/11/2023 को माओवादियों द्वारा चुनाव प्रक्रिय में व्यवधान डालने एवं सुरक्षा पार्टी को नुकसान पहुचाने की नीयत से लगाये गये 13 आईईडी सुरक्षा बलो द्वारा किया गया बरामद एरिया डॉमिनेशन एवं डी-माईनिंग की कार्यवाही के दौरान 03 आईईडी बराम चिहका से बिरियाभूमि के मध्य घुड़साकल क्षेत्र से 02 एवं बिरियाभूमि की पहाड़ी से 01 बरामद घुड़साकल के पास रोड के बीचों-बीच एवं रोड किनारे क्रमश और 5चद्द के 02 आईईडी एवं बिरियाभूमि पहाड़ी में 03 किग्रा का 01 लगाया गया था ।डीआरजी एवं बस्तर फाइटर सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन के दौरान किया गया बरामद मौके पर बीडीएस बीजापुर की द्वारा किया गया निष्क्रियकेरिपु सी/222 वाहिनी द्वारा एरिया डॉमिनेशन एवं डी-माईनिंग की कार्यवाही के दौरान 02 आईईडी बरामदमतदान केन्द्र कडेर के आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात बल को नुकसान पहुचाने की नीयत से लगाये गये थे 5-5 किग्रा के 02 आईईडी सुरक्षा बलो द्वारा बरामद कर मौके पर किया गया निष्क्रियपुसनार पोलिंग बूथ से 1 किमी की दूरी पर बंडीपारा ग्राम के पास स्थित पहाड़ी में माओवादियों द्वारा 03-03 किग्रा के 08 आईईडी सीरीज में लगाये गये थे ।कोबरा 202 और केरिपु 85वीं वाहिनी द्वारा मौके पर बरामद कर किया गया निष्क्रिय सुरक्षा बलो की सतर्कता एवं सूझबूझ से ओवादियों के नापाक मंसूबों को किया गया।

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने में हुई सहूलियत

बीजापुर, 8 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विधानसभा सभा क्षेत्र क्रमांक 89 में निर्वाचन आयोग के विशेष पहल पर बुजुर्ग, दिव्यांगजन, बीमार एवं असहाय मतदाताओं को सुगमतापूर्वक मतदान कराया गया। ज्ञात हो कि प्रथम चरण के चुनाव के दौरान बीजापुर में सुबह 07 बजे से 03 बजे तक मतदान की प्रक्रिया हुई लोकतंत्र के इस महापर्व पर लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिससे सुबह से मतदान केन्द्रों में लंबी कतार देखने को मिला। ऐसे में जिले के दिव्यांगजन, वृद्ध एवं असहाय मतदाताओं को सुगमतापूर्वक मतदान कराने जिले के 42 मतदान केन्द्रों में स्कूली विद्यार्थी जो कि एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रास, स्काऊट गाईड इत्यादि के करीब 488 विद्यार्थियों ने वालिंटियर के रूप में मौजूद रहकर दिव्यांगजनों को उनके बूथ तक सुगमतापूर्वक लेकर गए। निर्वाचन आयोग की इस पहल से बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला जिसके लिए वृद्धजनों और दिव्यांग मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग के इस पहल की प्रशंसा की।

बांस की कलाकृति और जीवंत शेर भालू की मनमोहक झाकी से सजा आदर्श मतदान केंद्र

बीजापुर, 8 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जूले में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। अवगत हो कि बीजापुर परिक्षेत्र एक रिजर्व टाइगर क्षेत्र है। इसीलिए चुनई डुवाल को जिले का शुभंकर बनाया गया है। ÷ चुनई डुवाल÷ गोंडी शब्द है जिसका हिंदी में अर्थ चुनाव का शेर होता है। वन परिक्षेत्र होने के कारण आदर्श मतदान केंद्र को जंगल के थीम में सजाया गया है। बांस शिल्प कला और नारियल, सल्फी के पेड़ की पत्तियों और मनमोहक जंगली जानवरों जीवंत झाकियां मतदाताओं द्वारा बहुत पसंद किया गया। सेल्फी जोन में मतदाताओं ने सेल्फी खिचाया वहीं चुनई डुवाल ने बच्चों के साथ डांस और हंसी ठिठोली की। महिला कर्मचारियों द्वारा यह केंद्र एक संगवारी मतदान केंद्र भी है। महिलाओं को पहली बार इस तरह आकर्षक झाकियां और प्रतिनिधित्व काफी उत्साहवर्धक और मनमोहक लगी। जिले में 5 आदर्श मतदान केंद्र बनाये गए है।

भाजपा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह विजय के पिछले तीनो रिकार्ड तोड़ते हुए भारी मतों से जीतेंगे : रमेश पटेल

राजनांदगांव,8 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने आज संपन्न विधानसभा के चुनाव के दौरान क्षेत्र के 223 मतदान केंद्रों में से अनेक मतदान केंद्रों में दौरा करने के पश्चात एवं अन्य मतदान केंद्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे विधानसभा क्षेत्र में भारी मतदान के लिए आम मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है तथा भाजपा प्रत्याशी के भरी मतों से जीत का दावा किया है ।भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेषित विज्ञप्ति के अनुसार श्री पटेल ने मतदाताओं के रुझान को देखते हुए यह दावा किया है , कि आज संपन्न चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ रमन सिंह अपने पिछले तीन चुनाव के विजय के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए , उससे भी अधिक मतों से चुनाव जीतेंगे । ज्ञातव्य है कि डॉ रमन सिंह 2008 से लगातार राजनांदगांव विधानसभा सीट से जीतते आ रहे है । पटेल ने कहा कि वर्ष 2008 में उन्होंने कांग्रेस के उदय मुदलियार को 32389 मतों से पराजित कर जीत हासिल की थी ।

एक नजर

अवैध शराब बिक्री करते युवक गिरफ्तार

बलौदाबाजार 8 नवंबर। **वरिष्ठ पुलिस अधी**क्षक महोदय श्री दीपक झा द्वारा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु विशेष निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में श्रीमान अति0पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 04/11/23 को मुखबिर लगाकर ग्राम कोनारी में रेड कार्यवाही कर आरोपीयां पुन्नी बाई घृतलहरे के कब्जे उसके घर परछी से एक प्लास्टिक झिल्ली में 4 लीटर व एक प्लास्टिक डिब्बा में 2 लीटर कुल 6 लीटर कीमती ?1200 महुआ शराब बरामद कर जप्त किया गया एवं आरोपीयां के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर मान. न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । शराब के अवैध कोचियों के विरुद्ध लवन पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है ।

जनरल ऑब्जर्वर ने मतदान केंद्र मानपुर एवं ख्वासफड़की पहुंचकर मतदान प्रक्रिया की जानकारी ली

मोहला 8 नवंबर। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर श्री शकील अहमद ने मतदान केंद्र मानपुर एवं ख्वासफड़की पहुंचकर यहां मतदान प्रक्रिया और सुचारु व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्धारित समय पर मतदाताओं की मत प्रतिशत एवं किए जा रहे मतदान प्रक्रिया से रूबरू हुए। उन्होंने संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से हो रही है। और शांति रूप से मतदान प्रक्रिया संचालित हो रहा है। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मोहम्मद हनीश खान, एरिया कोर्डिनेट श्री चंदन सिंह, तकनीकी सहायक श्री पुनाराम साहू उपस्थित थे।

करे हन वोट, हमन ल नहीं हे, कहीं के भय और वोट के डरःफुलदास सुबेदी

मोहला 8 नवंबर । विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत आज मतदान केंद्र बसेली मतदान केंद्र में मतदान करने पहुंचे 65 वर्षीय बुजुर्ग श्री फुलदास सूबेदी ने मतदान करने के उपरांत उत्साहित नजर आया। उनसे बात करने पर उन्होंने कहा कि वह हर बार की तरह इस बार भी विधानसभा निर्वाचन में अपना मताधिकार का प्रयोग किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में अपनी बात रखते हुए कहा कि उसे किसी भी चोट का भय नहीं है। उन्होंने कहा कि वह अपने मत का प्रयोग करके आयें हैं, और उन्हें किसी भी चोट का डर और भय नहीं है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को अपने मत का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने उत्साहित होते हुए कहा कि वोट डालने से ना केवल सरकार का गठन होता है, अपितु अपने क्षेत्र और राज्य के विकास की पटकथा भी लिखा जाता है।

पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाता बेहद उत्साहित नजर आया

मोहला 8 नवंबर। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत पहली बार मतदान करने आये युवा में उत्साह और जोश का देखने को मिला। पहली बार मतदान कर रहे युवाओं में खुशी का मंजर दिखने को मिला। उनसे बात किया गया तो पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाता ने कहा कि मेरा अपना वोट युवाओं के नाम पर दिया है। मैंने अपना वोट देकर आया है। उन्होंने कहा कि मेरा वोट उसी को जो युवाओं के बात सोचें, और युवाओं के विकास के लिए काम करें। उन्होंने अपना पहली मतदान करने पर उत्साहित होकर कहा कि वोट करने से एक आत्मीयशांति के साथ सकून मिला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अपना वोट देने पर खुशी जाहिर किया।

आपको लगे कि मेरी बातें जमीन पर नहीं दिख रहीं तो मत दीजिएगा वोटः प्रियंका गांधी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद 8 नवंबर। छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के चुनावी दौरे में धमतरी जिले के कुरूद की चुनावी सभा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा और मोदी सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि अगर आपको लगे कि प्रियंका गांधी बहुत सारी चीज बोली लेकिन हमें यह जमीन पर नहीं दिख दिख रहा है तो मत दीजिएगा वोट।

उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की सरकार ने गोबर खरीद कर दिखा दिया । यहां के किसानों का धान अच्छे कीमत पर खरीद कर दिखा दिया, यहां के गरीबों के जेब में पैसा डालकर दिखा दिया। वहीं उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार देश की संपत्तियों को निजी हाथों में बेच रही है।

प्रियंका गांधी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनमें एक बुरी आदत डल गई है कि चुनाव आते ही उनसे खोकली घोषणाएं हो जाती हैं। चुनाव की तैयारी में लोगों को लड़ाया आता है ,धर्म की बात शुरू हो जाती है , जब धर्म की बात आती है तो हम सब हिंदुस्तानी हैं हम सबको बाते लग जाती है । आपको उकसाते हैं आपके जज्बातों को उभरते हैं और इसके आधार पर आपका वोट लेते हैं।

प्रियंका गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश में अपनी पहचान बना रहा है । उन्होंने कहा कि पूरे देश में सबसे कम बेरोजगारी दर छत्तीसगढ़ में है। छत्तीसगढ़ को सबसे ज्यादा धान खरीदी के दाम से जोड़कर देखा जा रहा है।

महिला आरक्षण बिल जो 10 साल लागू ही नहीं होगा - भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि यह ऐसा महिला आरक्षण बिल लेकर आए हैं जिससे पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई, फिर पता चला कि यह 10 साल तक तो लागू ही नहीं होगा। यह आरक्षण तो 10 साल तक महिलाओं को दिखेगा ही नहीं। उन्होंने कहा कि जब मोदी जी कहते हैं कि मैं ओबीसी हूं और ओबीसी की बात करते हैं तो वह जातिगत जनगणना की बात क्यों नहीं कहते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कर रही है कि गिनो देश में कितने ओबीसी हैं, देश में कितने दलित हैं, कितने आदिवासी हैं देश में कितने जनजाति के लोग हैं। जब गिनोगे की ही नहीं तो मदद कैसे करोगे।

अदानी पर जमकर क्या प्रहार - प्रियंका गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस देश की संपत्ति यह लोग अपने बड़े-बड़े उद्योगपतियों और दोस्तों को दे रहे हैं यह उनकी संपत्ति नहीं है जिनको जिनको वे लोग बेच रहे हैं कौड़ियों के दम पर। आज जितनी बड़ी-बड़ी सरकारी कंपनियां है । उन्होंने कहा कि रेलवे, बी एच ई एल, एच ए एल, सबको देख लीजिए आज किसके हाथों में हैं। यह कल तक आपके हाथों में थी, कल तक आप कहते थे कि हमें इन कंपनियों में नौकरी लगवाइए, क्योंकि हमें सुरक्षा चाहिए सरकारी जॉब चाहिए। आज किसके हाथों में हैं देश के बंदरगाह , हवाई अड्डे किसके हाथों में है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पास सरकारी कर्मचारियों की पेंशन के लिए पैसे नहीं है । उनसे कहिए कि उन उद्योगपतियों के खर्चे माफ करना बंद कर दीजिए, किसानों के कर्ज माफ करें और पेंशन दें। उनकी हिम्मत नहीं है। आपकी संपत्ति बेची जा रही है। भाजपा सरकार जहां-जहां हैं वहां-वहां गरीबों से किसानों से मजदूरों से मिडिल क्लास से संपत्ति छीनी जा रही है और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को दे दी जा रही है। प्रियंका गांधी ने कहा आज दुनिया भर के जितने भी आदिवासी लोग हैं वे छत्तीसगढ़ को गर्व से देखते हैं। आज बस्तर का नाम हिंसात से नहीं जुड़ा है आज बस्तर का नाम मिलेट्स से जुड़ गया है , रागी से जुड़ गया है, यहां की रागी दुनिया की बड़ी-बड़ी दुकानों में बिक रही है मेरे घर में भी मैं खाती हूं आपकी उगी हुई रागी। उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए लोगों से सूझबूझ से काम लेने की बात कही।

कुरूद में यह चुनावी सभा अटल बिहारी वाजपई इंदौर स्टेडियम में आयोजित की गई। जहां लगभग12000 लोगों की उपस्थित देखने को मिली। प्रियंका गांधी जैसी बड़े नेता के हिसाब से यहां के मैदान में माइक की व्यवस्था में कुछ कमी नजर आई। वहीं कांग्रेस के कुछ पुराने क्षेत्रीय बड़े नेता नदारत दिखे।

लेकिन जनता में प्रियंका गांधी को लेकर उत्साह नजर आया।

कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र कुमार साव ने नगर में घूम-घूम कर किया जनसंपर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा 8 नवंबर। कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र कुमार साव ने सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ सिमगा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बाजे गाजे के साथ घूम घूमकर जनसंपर्क किया । जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार को किसानों का हितैषी बताते हुए कहा कि हमारी सरकार ने किसानों के आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु कर्जा माफ अन्नदाताओं के उपज का उचित मूल्य प्रदान कर उनका सम्मान बढ़ाया है पूरे पांच वर्ष के कार्यकाल में कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर जनता को उसका लाभ दिलाया है । उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण कुमार नायक नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर शैली भाटिया अविनाश दास नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनहरण सोनकर दीनबन्धु शर्मा रिंकू भाटिया तिलक देवांगन राजू देवांगन हिरेंद्र कोसले दशरथ चंद्राकर सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कमिशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

महासमुंद 8 नवंबर। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के खल्लारी और बसना विधानसभा के लिए उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन का कमिशनिंग कार्य मंगलवार को मंडी परिसर पिटियाझर में किया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में कमिशनिंग कार्य किया गया। कमिशनिंग कार्य के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री विवेक एल. भीमनवार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर का भी अवलोकन किया।

समाचार संक्षेप

पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाले को भेजा जेल

बलौदाजार 8 नवंबर। 7 जून को सूचक थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 13.02.2023 से आरोपी द्वारा पीडिता को शादी का प्रलोभन देकर, लगातार शारीरिक संबंध बनाने से प्रार्थीया/पीडिता गर्भवस्था हो गई। पीडिता द्वारा गर्भवस्था होने से दिनांक 30.10.2023 को सुबह 06.00 बजे लडकी को जन्म दी। बच्चे के जन्म लेने के बाद आरोपी द्वारा शादी करने से इंकार कर दिया, जिसके संबंध में प्रार्थीया पीडिता के आवेदन पर अपराध क्रमाकं 124/23 धारा 376 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं एसडीओपी भाटापारा श्री आशीष अरोरा के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी हथबंद के नेतृत्व में आरोपी का पता तलाश कर गिर. कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में सउनि जगदेव कुमार साहू आरक्षक प्रशांत धर दीवान, धर्मेन्द्र यादव, भरत बंजारे, उमाशंकर कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

कलेक्टर एवं जिला अधिकारियों ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

मोहला 8 नवंबर। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज मतदान दिवस पर मोहला के बाजार चौक स्थित प्राथमिक शाला मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर ने यहां मतदान कर जिले के मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र द्वारा प्रदत्त सबसे बड़ा संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि मतदान करने से देश की लोकतंत्र की व्यवस्था को मजबूती मिलती है। उन्होंने मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता देते हुए कहा कि मतदान का अधिकार देश का भविष्य और आने वाले भविष्य को निर्धारित करता है। इस अवसर पर जिला में पदस्थ अधिकारी सयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, एसडीएम डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, तहसीलदार सुश्री संध्या नामदेव, सीईओ मोहला श्रीमती कंचन वाल्दे ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्र मुरारगोटा एवं सोमाटोला पहुंचकर निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी ली

मोहला 8 नवंबर। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने मतदान केंद्र मुरारगोटा एवं सोमाटोला पहुंचकर निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों की जानकारी से रूबरू हुये। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान मतदान केंद्रो में चल रही मतदान प्रक्रिया एवं मत प्रतिशत की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल मतदाताओं को आवश्यक सहयोग करते हुए मतदान कराए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता अपेक्षित सहयोग करते हुए अपनी बारी आने पर मतदान करें। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन की सुचिता एवं निष्पक्षता कायम रहे इस पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय तक सभी मतदाता जो मतदान केंद्र में उपस्थित हुयें हैं, वे मतदान कर सकें, इसके लिए मतदान अधिकारी आवश्यक सहयोग करें। कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत सभी मतदाताओं को मतदान करने का संवैधानिक अधिकार है। कोई भी मतदाता जो मतदान केंद्र में मतदान करने के लिए लाइन में लगे हैं, वे अवश्य मतदान कर सकें, इसके लिए मतदान दल सार्थक सहयोग सुनिश्चित करें।

कलेक्टर की पत्नी एस मधुलता जयवर्धन ने किया मतदान

मोहला 8 नवंबर। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत आज 7 नवंबर को मतदान के अवसर पर कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती एस मधुलता जयवर्धन ने मतदान केंद्र बाजार चौक स्थित, प्राथमिक शाला केंद्र में पहुंचकर मतदान किया। श्रीमती ने लाइन में लगाकर अपने नंबर का प्रतीक्षा किया। अपनी बारी आने पर उन्होंने मतदान किया। उन्होंने कहा कि मतदान करना एक सुखद आश्चर्य है। उन्होंने कहा कि मतदान करने से एक सुखद अनुभूति होती है कि उन्होंने लोकतंत्र के गठन में सहभागिता दी है। श्रीमती एस मधुलता जयवर्धन ने कहा कि वोट देने का अधिकार एक अविस्मरणीय पल है। यह अवसर हमें 5 साल में एक बार मिलता है। वोट देने का अधिकार हमें अपने राज्य और देश के लिए प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति को निर्वाचित करने अवसर देता है। जो आगे चलकर हमारे देश और समाज के लिए दिशा और दशा निर्धारित करता है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को आगे आकर मतदान करना चाहिए।

मतदाता मित्रों को दिया ऑनलाइन प्रशिक्षण

महासमुंद 8 नवंबर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुन्द श्री एस.आलोक के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन-2023 मे सुगम, सुघ्घर, समावेशी मतदान हेतु प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता मित्रों की नियुक्ति की गई है। मतदाता मित्रों का जिला स्तरीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम नव किरण अकादमी महासमुन्द में आयोजित की गई। प्रशिक्षण में विकासखण्ड महासमुन्द के सभी मतदाता मित्र नव किरण अकादमी महासमुन्द में तथा अन्य विकासखण्ड के मतदाता मित्र अपने विकासखण्ड में स्थित वीडियो कांफ्रेंस कक्ष जनपद पंचायत परिसर में उपस्थित रह कर भाग लिये। मतदाता मित्रों को प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान केंद्र पर आने वाले वृद्धजन एवं दिव्यांगजन मतदाताओं को सुविधा देने की दृष्टि से मतदाता मित्र बनाया गया है। मतदाता मित्र मतदान केंद्र के बाहर प्रतीक्षा कक्ष में उपस्थित रहेंगे तथा मतदान केंद्र पर वृद्धजन के मांग करने पर व्हीलचेयर की मदद से उन्हें

पोलिंग बूथ तक जाने में उसे सहायता प्रदान करेंगें। मतदान केंद्र में जितने भी दिव्यांगजन, वरिष्ठजन मतदाता है उन सभी को सहायता प्रदान कराना है। सभी मतदाता मित्रों को आदर्श आचार संहिता का पालन करना है। प्रशिक्षण को श्री एस. आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप समिति महासमुंद, डॉ. अनुसुईया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुन्द ने संबोधित किया। रेखराज शर्मा सहायक नोडल अधिकारी स्वीप समिति महासमुंद ने ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदाता मित्रों का परिचय उद्देश्य मतदाता मित्र के कार्य एवं दायित्व मतदान केन्द्र पर दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. मालती तिवारी जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना महासमुन्द महासमुंद डॉ. सरस्वती वर्मा सहायक प्राध्यापक, श्रीमती राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक, श्री गजानंद बुड़ेक एवं समस्त महाविद्यालयीन नोडल अधिकारी, वैभवी मोयल, वेदप्रकाश साहू, उपस्थित रहे।

मतदान केन्द्र की व्यवस्था से अभिभूत हुए दिव्यांग यादव

उत्तर बस्तर कांकेर, 08 नवंबर। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत कल सुबह 07 से पहले ही मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई थीं। इसी क्रम में जिले के आदर्श मतदान केन्द्र नंदनमारा में दिव्यांग युवक श्री सर्वेश कुमार यादव वोट करने पहुंचे। परिसर में आते ही उन्हें सुरक्षाकर्मी द्वारा व्हील चेयर पर बैठाकर लाया गया और बिना कतार में लगे बूथ ले जाकर उनसे वोट कराया गया। इस व्यवस्था से अभिभूत होकर 29 वर्षीय श्री यादव ने कहा कि यह उनके जीवन का सुखद अनुभव है, जब वोट करने इतनी अच्छी सुविधाओं के साथ अनुकूल माहौल भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इतने साल से वोट करते आ रहे, लेकिन पहली दफा इतना सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। हर बूथ में ऐसी ही व्यवस्था होनी चाहिए।

पहली बार 80 वर्ष से अधिक उम्र एवं दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से घर में ही किया मतदान

बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग कर दिया जागरूकता का परिचय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार,8 नवम्बर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों से होम वोटिंग की नई पहल की गई है। लोकतंत्र के पर्व में आज से चारों विधानसभा क्षेत्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग के लिए चिन्हांकित बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घरों में मतदान दल ने पहुंचकर मतदान करवाया। चारों विधानसभा क्षेत्र के चिन्हांकित 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर मतदान कराया गया। मतदान दल के घर में पहुंचते ही घरवाले और मतदाताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के चिन्हांकित 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगजन होम वोटिंग कर रहे है। जिले के सबसे अधिक उम्र की महिला मतदाता 99 वर्षीय रामसागर पारा भाटापारा निवासी बिसाहिन साव ने वोट डालकर लोकतंत्र में अपना अमूल्य सहभागिता प्रदान करते हुए सभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान उन्होनें वोट डालकर कहा कि घर में ही वोट डालने से मोला बने लागत हे। इसी तरह भाटापारा विधानसभा अंतर्गत ग्राम टोनाटार निवासी दिव्यांग महिला कुमारी वीणा छव्व ने बताया कि पहले मतदान कराने के लिए उनकी माँ मतदान केन्द्र ले जाते थे। उन्होनें कहा कि मतदान दल घर में आने से बहुत अच्छा लगा। जिससे बिना किसी असुविधा के लोकतंत्र का हिस्सा बनने का मौका मिला। उसकी मां ने भारत निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उसी तरह टोनाटार निवासी विद्याबाई वर्मा एवं शांतिबाई वर्मा ने होम वोटिंग कराने के लिए मतदान दल को घर में पहुंचने पर प्रसन्नता जाहिर की। इसी तरह बलौदाबाजार नगर में 88 वर्षीय श्रीमती पुष्पा माहेश्वरी ने पोस्टल बैलेट के जरिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान परिवार के सदस्यों द्वारा मतदान दलों का आत्मीय स्वागत किया गया। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पनगांव निवासी दिव्यांग अमरदास कोसले ने पहली बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होनें कहा कि अगर मतदान केन्द्र के माध्यम से वोट देने जाता तो मतदान केन्द्र तक घर के किसी सदस्य के सहयोग से ही जा पाता। निश्चित ही इससे अन्य लोगों को कठिनाई महसूस होती है एवं लाईन लगाकर लम्बे इंतजार करना पड़ता है। भारत निर्वाचन आयोग की इस पहल से मुझे घर पर ही मतदान कर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। इसी तरह ग्राम जारा निवासी 56 वर्षीय दिव्यांग श्रीमती शकुनबाई ने घर में होम वोटिंग के लिए मतदान दल पहुंचा तो उन्होंने खुशी जाहिर की। उन्होनें कहा कि घर पर मतदान करना बहुत सुविधाजनक रहा और सुखद अनुभूति रही।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने सुबह 8 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से सभी मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर बीसी एक्का,अनुपम तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर टुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। निर्वाचन कार्यालय प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान दलों के लिए रवाना हुए 29 टीम सकुशल वापस लौट चुकी है। दिव्यांग एवं बुजुर्ग 4 मतदाताओं ने अनुपस्थित के चलते अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाए। उन्हें कल पुनः दोबारा मौका दिया जायेगा।

एक नजर

जब कांग्रेस प्रत्याशी ने सड़क पर पड़े बीजेपी के झंडे को सम्मान से उठाकर किनारे रखा

रायपुर 8 नवंबर। रायपुर पश्चिम विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विधायक विकास उपाध्याय सरल, सहज , मिलनसार नेता के रूप में जाने जाते हैं, और उनके लिए कहा जाता है कि वे सभी का सम्मान भी करते हैं। एक तरफ जहां राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के चलते नेताओं के समर्थक विरोधी दल के बैनर पोस्टर झंडे उखाड़ कर फेंक देते हैं, और अलग अलग पार्टियों से चुनाव लड़ते लड़ते नेता अक्सर एक दूसरे के प्रति वैमनस्यता पाल लेते हैं, और एक दूसरे का सम्मान भी भूल जाते हैं। लेकिन ऐसा बहुत कम ही देखने को मिलता है कि एक दूसरे के राजनैतिक प्रतिद्वंद्वी होने के बाद भी नेता शुचिता का पालन करते हैं। ऐसे ही रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने जनसम्पर्क के दौरान सड़क पर पड़े भाजपा के झंडे को सम्मान से उठाकर किनारे रखकर इसका ताजा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

त्योहारी सीजनः बैंकों में समुचित मात्रा में नगद राशि रखें : अबिनाश मिश्रा

रायपुर 8 नवंबर । जिला पंयायत के मुख्य कार्यपालन अबिनाश मिश्रा ने आज जिला पंचायत में विभिन्न बैंक के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार का समय है। सभी बैंकों में पर्याप्त मात्रा में नगद राशि रखें। विभिन्न परिस्थितियों में आम नागरिकों को किल्लत का सामना ना करना पड़े। एटीएम में समय समय पर नगद राशि भरते रहें ताकि ग्राहको को आहरण करते समय दिक्कत का सामना ना करना पडे। उन्होने कहा कि बैंको में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखें। इस अवसर पर राजधानी के सभी बैंको के अधिकारीगण उपस्थित थे।

चौकीदार को ईंट मारकर किया घायल

रायपुर 8 नवंबर ।टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार स्थित एक निर्माणाधीन मकान में चोरी की नीयत से घूस रहे युवकों ने चौकीदार से ही मारपीट कर दी व ईंट मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी नेहरू यादव पिता चंद्रमणी यादव ने बताया कि आरोपी जितेन्द्र देवार व उसके साथी चोरी करने की नीयत से मयंक तिवारी के निर्माणाधीन मकान में जबरदस्ती घूस रहे थे। प्रार्थी वहां चौकीदारी का काम करता है। प्रार्थी ने उन्हें मना किया तो आरोपी तैश में आ गए और मारपीट करते हुए पास पड़े ईंट से सिर पर मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

युवक की बाइक पार

रायपुर 8 नवंबर । शहर में बाइक चोरों के हौसले दिनों-दिन बुलंद होते जा रहे हैं। सिविल लाईन थाना क्षेत्र के खालसा स्कूल के पास से किसी अज्ञात चोर ने एक युवक की बाइक पार कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी सुमनराज विशाल पिता सुभाष विशाल निवासी शिवाली नगर दलदल सिवनी पंडरी कल किसी काम से ऑक्सीजोन गार्डन खालसा स्कूल के पास आया हुआ था। उसने अपनी बाइक होण्डा लीयो क्रमांक सीजी 13 एडी / 0586 कीमती 25000 रूपए स्कूल के पास खड़ी किए हुए था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

खर्च का हिसाब नहीं देने पर चार प्रत्याशियों को मिला नोटिस

रायपुर 8 नवंबर । विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा तय की गई है। इसके साथ ही उन्हें अपने व्यय लेखा एक पंजी में दर्ज करना है। इसी मामले में चार प्रत्याशियों के द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा पुस्तक नहीं करने पर राजिम विधानसभा के चार प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर ने प्रत्याशियों से 48 घंटे के भीतर जवाब मांगा है.रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से जेसीसीजे के अभ्यर्थी भुनेश्वर निषाद, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संतोष साहू सहित अन्य दो निर्दलीय प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया गया है. इसमें 48 घण्टे के अंदर जवाब नहीं देने पर एफआईआर दर्ज करने के साथ प्रचार वाहन की अनुमति वापस लेने की चेतावनी दी गई है।

एफएसटी ने 45 लाख का गुड़ाख़ू किया जब्त

रायपुर, 8 नवंबर । विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गठित एफएसटी की टीम ने जिले में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रूपए का गुड़ाख़ू पकड़ा है। इन जब्त किए गए गुड़ाखों की कुल कीमत 45 लाख रुपए बताई जा रही है। पूरा मामला गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का है जहां एसएसटी टीम के द्वारा छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र कबीर चबूतरा में चेकिंग पॉइंट लगाकर चुनाव के मद्देनजर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान दिल्ली से बेंगलुरु के लिए निकले कंटेनर कबीर चबूतरा के पास पहुंचा। जहां वाहन की चेकिंग करने पर पुलिस ने तीनों वाहनों में गुड़ाख़ू बरामद किया मामले में दस्तावेज़ की मांग की गई तो दस्तावेज में ई ई परमिट न होने के कारण एफएसटी टीम ने तीनों कंटेनर को जब्त कर लिया।

हमर अस्पताल भवन के निर्माण में पत्थर बन चुके सीमेंट का कूट-पीसकर उपयोग

आपत्ति के बाद वापस भिजवाई गई बोरियां

रायपुर, 8 नवंबर। भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है। खोखो पारा (पुरानी बस्ती) में हमर अस्पताल के भवन निर्माण में बोरियों में जम चुके सीमेंट का उपयोग करने की कोशिश की जा रही थी। यह मामला तब पकड़ा गया जब एक जिम्मेदार नागरिक राजू शर्मा की इन बोरियों पर नजर पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार खोखोपारा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हमर अस्पताल भवन का निर्माण ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। आम जनता को बेहतर व मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने यह सरकार की अति उपयोगी योजना है। इस योजना पर किस तरह से पलीता लगाया जा रहा है यह भवन निर्माण शानदार उदाहरण है। आज सुबह अस्पताल भवन निर्माण के लिए कार्य स्थल पर सीमेंट की बोरियां गिराई जा रही थी। इन बोरियों को गोगांव स्थित गोदाम से मेटाडोर द्वारा लाया गया था। तमाम बोरियों में सीमेंट पत्थर बन गया था। सीमेंट गोदाम में रखे-रखे जम गए होंगे। इसका मतलब यह है कि ये बहुत पुरानी बोरियां हैं। पूछने पर मजदूरों ने बताया कि पत्थर बन चुके सीमेंट को

कूट-पीसकर निर्माण में उपयोग किया जाएगा। सवाल यह है कि कालातीत सीमेंट के उपयोग से निर्मित भवन कितना मजबूत होगा। यह बेहद खतरनाक व जानलेवा साबित होगा। भवन बेहद कमजोर बनेगा। वो तो भला हो उस जिम्मेदार नागरिक शर्मा का जिन्होंने ऐसे सीमेंट के उपयोग पर आपत्ति करते हुए इंजीनियर प्रवीण शर्मा से शिकायत की। प्रवीण शर्मा ने तत्काल ठेकेदार मिश्रा को फोन पर फटकार लगाई। इसके बाद पत्थर बन चुके सीमेंट की बोरियों को वापस मेटाडोर में लोड कर कर रवाना किया गया। आशंका है इससे पहले भी निर्माण में ऐसे ही सीमेंट का उपयोग किया होगा। तभी तो बाजू में बने भवन की दीवारों में दरारें आ गई है।

सरकारी अस्पताल से कैदी फरार

रायपुर 8 नवंबर। . सेंट्रल जेल में अलग-अलग मामलों की सजा काट रहा एक कैदी सरकारी अस्पताल से प्रहरी को चकमा देकर फरार होने में कामयाब हो गया है। घटना की खबर लगते ही जेल प्रशासन के हाथ पैर फूल गए वही आनन फानन में फरार कैदी की सूचना थाने में दर्ज करा लापरवाह प्रहरी को सस्पेंड कर दिया गया है।

मिल रही जानकारी के अनुसार सेंट्रल जेल का बंदी सरफराज अहमद उर्फ लवी नूरानी चौक राजा तालाब रायपुर निवासी बुधवार की सुबह जेल प्रहरी भुवनेश्वर पैकरा को चकमा देकर सिम्स हॉस्पिटल के वार्ड से हथकड़ी काट कर फरार होने में कामयाब हो गया। जेल प्रबंधन की माने तो कैदी अहमद मानसिक रूप से बीमार था और उसके बाए हाथ छोटी उंगली में चोट थी जिसके कारण इसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। इधर घटना के कुछ देर बाद ही जेल के अफसरों को इस बात की जानकारी लगी और प्रहरी पैकरा को लापरवाही बरतने के आरोप में जेल अधीक्षक सस्पेंड कर दिया गया है।

कैदी के फरार होने की घटना के बाद जेल प्रबंधन ने प्रहरी भुवनेश्वर पैकरा से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे सुबह अचानक टायलेट जाने की इमरजेंसी आ गई इसलिए वह कैदी को हथकड़ी समेत छोड़ चला गया कुछ देर बाद आकर देखा तो कैदी अहमद हथकड़ी काट कर फरार हो चुका था। जेल प्रबंधन को प्रहरी की बात पर संदेह की बू आ रही है इसलिए जेल प्रबंधन ने सिम्स हॉस्पिटल प्रशासन को पत्र लिख सीसीटीवी फुटेज मांगा है वही कैदी के फरार होने की सूचना सिटी कोतवाली थाने में दर्ज करा दी गई है।

इधर घटना की पुष्टि करते हुए जेल सुपरिटेंडेंट खोमेश मंडावी ने बताया घटना सुबह करीब 6.20 के आसपास की है। प्रहरी भुवनेश्वर पैकरा को घटना के बाद सस्पेंड कर दिया गया है। कैदी को 6 नवंबर को सिम्स में इलाज के लिए दाखिल कराया गया था।

कांग्रेस के घोषणा पत्र में शहरी और ग्रामीण दोनों वर्ग का ध्यानः कांग्रेस

रायपुर, 8 नवंबर । कांग्रेस के घोषणा पत्र में शहरी और ग्रामीण दोनो का ध्यान रखा गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र में 200 यूनिट तक फ्री बिजली का लाभ प्रदेश के लगभग 50 लाख परिवारों को मिलेगा। अभी तक गरीबी रेखा के नीचे के लोगो को 5 लाख तक मुफ्त ईलाज मिलता था तथा अन्य वर्ग के 50 हजार तक ईलाज की सुविधा थी। कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीबी रेखा के नीचे वालो को 10 लाख तक तथा अन्य सभी वर्ग के लोगो को 5 लाख तक ईलाज की मुफ्त सुविधा दी जायेगी। बड़ी बीमारियों में कांग्रेस की सरकार बनने पर 25 लाख तक ईलाज बिना किसी भेदभाव के सभी को मिलेगा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के

अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ में सभी प्रकार की शिक्षा नर्सरी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट तक सभी वर्ग के लिये निःशुल्क करने का वादा किया है। इससे प्रदेश के हर वर्ग के लोगो का शिक्षा पर होने वाला खर्च बचेगा। छत्तीसगढ़ देश का अकेला ऐसा प्रदेश होगा जहां मेडिकल, इंजीनियरिंग तथा आईटीआई की शिक्षा भी मुफ्त होगी।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद गरीबी रेखा की उज्जवला की बहनों को कांग्रेस सरकार बनने पर मात्र 107 रू. में सिलेंडर मिलेगा तथा सभी वर्ग के लोगों को पूरे देश में सबसे सस्ता 474 रू. के लगभग रसोई गैस छत्तीसगढ़ में मिलेगी। भाजपा ने गरीबी रेखा के नीचे वालो को 500 रू. में सिलेंडर का दावा कर रही कांग्रेस ने सभी वर्ग के लोगों को 500 रू. की राहत देने का वायदा किया है। कांग्रेस किसानों की कर्जा माफी के साथ 3200 रू. में धान खरीदी करेगी। इससे गांव के रास्ते शहरों में समृद्धि आयेगी।

पाप की इंतहा हो गई छत्तीसगढ़ में, महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ाः रवि किशन

रायपुर 8 नवंबर। बाबा की नगरी गोरखपुर से सांसद रवि किशन इन दिनों छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार पर हैं।उन्होंने वैशाली नगर भाजपा प्रत्याशी रिकेश सेन के पक्ष में रोड शो किया और उसके बाद रायपुर पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारों के सामने छत्तीसगढ़ के लिए प्रधानमंत्री की गारंटीयां छत्तीसगढ़ भाजपा के संकल्प पत्र की विशेषताएं गिनाई साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर कई आरोप लगाए। महादेव ऐप सट्टा को लेकर चल रही गतिविधियों पर रवि किशन ने कहा कि इस घटना ने देश में हाहाकार मचा दिया है, कांग्रेस की सरकार ने पाप नहीं पाप की

इंतहा पार कर दी, इन्होंने महादेव के नाम को भी नहीं बख्शा और उस पर भी घोटाला कर दिया। घोटाला भी ऐसा के सबूत के साथ, वह भी ऑडियो विजुअल में सामने आया। रवि किशन ने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार और 5 साल रह गई तो छत्तीसगढ़ का कबाड़ा निश्चित है। रवि किशन ने शराब घोटाले, कोयला घोटाला, रेत खनन घोटाला समेत कई घोटालों की फेहरिस्त रखी। उन्होंने कहा इन सब के बाद भी अगर छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पार्टी को चुना तो जनता के साथ पूरे राज्य का बंटाधार निश्चित है।

नेता नहीं, बेटा की सरकार चाहती है जनताः अमित जोगी

रायपुर 8 नवंबर। छत्तीसगढ़ में अमित जोगी ने आज मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के नेताओं को गजनी फिल्म की भूलने की बीमारी हो गई है। छत्तीसगढ़ में उन्हें कमीशन दिखता है। हमें विजन और मिशन दिखता है। 40 लाख लोगों को शपथ पत्र दिया है। छत्तीसगढ़ में नेता नहीं, बेटा की सरकार बने, यह जनता चाहती है। अमित जोगी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा को चैलेंज है, 10 रुपए के स्टाम्प में घोषणा पत्र लिखकर दे, जनता को धोखे में ना रखे। वहीं पाटन चुनाव को लेकर अमित जोगी कहा कि मेरी लड़ाई भूपेश बघेल से नहीं है। मेरी लड़ाई भ्रष्टाचार से है। 23 साल से पाटन में पहली बार चुनाव हो रहा है। इससे पहले चाचा-भतीजा के बीच मैच फिक्सिंग रहा है। अमित जोगी केवल चेहरा है, चुनाव लड़ेंगे पटनावासी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा में दोहा है, पिता जोगी ने सिखाया है अपने खास पहनावा को लेकर कहा कि यह आत्मीयता, अपनापन का प्रतीक है।

सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

रायपुर 8 नवंबर । केशकाल में हुए सड़क हादसे में मतदान कार्य से जुड़े तीन लोगों की मौत पर सीएम भूपेश बघेल ने शोक जताया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई है। अपने ट्वीटर एकाउंट में पोस्ट करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने लिखा-दुःखद सूचना! केशकाल में निर्वाचन कार्य से लौट रहे तीन मतदानकार्मियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। इस हादसे में मृतक शिक्षक शिव नेताम, संतकुमार नेताम एवं हरेन्द्र उइके की आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें शांतिः।

छत्तीसगढ़ की पुरुष हैंडबॉल टीम ने जीता कांस्य पदक

रायपुर 8 नवंबर। 37वीं राष्ट्रीय खेल का आयोजन राज्य शासन गोवा के द्वारा गोवा में दिनांक 26 अक्टूबर से 9 नवम्बर 2023 तक भारतीय ओलम्पिक संघ एवं गोवा ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में आयोजन किया जा रहा है। मनोहर परिकर इंडोर स्टेडियम, नवेलिन, मडगाव, गोवा में दिनांक 04 नवंबर से 08 नवंबर 2023 तक आयोजित इंडोर हैंडबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की पुरुष हैंडबॉल टीम ने कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरवान्वित किया है।

आज दिनांक 08 नवंबर 2023 को प्रातः 8-30 कांस्य पदक के लिए छत्तीसगढ़ का मुकाबला राजस्थान के साथ खेला गया जिसमे छत्तीसगढ़ ने मध्यांतर तक 14-11 गोलों की बढ़त हासिल करते हुए राजस्थान को राजस्थान को 32-26 से पराजित करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ की ओर से सबसे ज्यादा 10 गोल मोहम्मद आमिर ने किया, इनके अलावा बासा महेश ने 07 गोल, एस. ब्रिटेन सिंह ने 07 गोल, मिथुन ने 03 गोल, व्ही बीनू एवं प्रवीण ने 2-2 गोल तथा फिरोज़ अहमद खान ने 01 गोल किये। छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के महासचिव ने 37वी राष्ट्रीय खेल में राज्य की पुरुष हैंडबॉल टीम के खिलाड़ियों एवं अधिकारियो को कांस्य पदक जीतने की बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ की ओर से टीम में शामिल प्रत्येक खिलाड़ियों एवं अधिकारियो को रुपये 5000/- नगद राशि देने की घोषणा की है।

बुजुर्ग मतदाता के घर मतदान दल के साथ पहुंचे कलेक्टर

रायपुर 8 नवम्बर । भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने स्वयं तात्यापारा निवासी 83 वर्ष की बुजुर्ग मतदाता श्रीमती सुमन कमाईसदार के घर पहुंचकर उनसे गुप्त मतदान कराया। विधानसभा निर्वाचन-2023 से भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान की घर पहुंच सुविधा शुरू की है। रायपुर जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसकी कमान खुद संभाल रखी है।

आज से रायपुर जिले में मतदान की घर पहुंच सुविधा शुरू हो गई है। डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने तात्यापारा निवासी सुमन कमाईसदार के घर पहुंचकर उनसे मतदान कराया। इस दौरान पूरा मतदान दल कलेक्टर के साथ मौजूद था। मतदाता की पहचान से लेकर गुप्त मतदान की सभी प्रक्रियाओं का कलेक्टर के समक्ष पालन किया गया और 83 वर्षीय श्रीमती सुमन ने अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट डाला। श्रीमती सुमन घुटने की तकलीफ के कारण चलने-फिरने में बहुत समर्थ नहीं है। 83 वर्ष की बुजुर्गीयत के कारण लम्बे समय तक मतदान की लाईन में खड़े रहने की भी तकलीफ घर पर मतदान की सुविधा से श्रीमती सुमन को नहीं उठानी पड़ी है। बुजुर्ग महिला मतदाता के परिजन भी आयोग की इस पहल की मुक्त कंठ प्रशंसा कर रहें है। बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में लगी लम्बी लाईनों में खड़े होने पर जिन तकलीफें का सामना करना पड़ता है उनसे परेशान होकर ऐसे मतदाता अपने मताधिकार को उपयोग करने से कतराते है। अब निर्वाचन आयोग ने घर पहुंच मतदान की सुविधा शुरू की है।

500 करोड़ रुपए लेकर आने वाला भाजपा नेताः तिवारी

रायपुर 8 नवंबर। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के 20 सीटों पर मतदान संपन्न हो गए है। वहीं 17 नवम्बर को शेष 70 सीटों पर मतदान होने है, सभी राजनितिक दल अपनी अपनी तैयारियों में जुटे हुए है, वहीं बयानबाजी भी तेज हो गई है। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि प्रथम चरण की 20 सीटों में सभी सीटों में कांग्रेस जीत के करीब है। जो दूसरे को फंसाने निकले थे, उनकी सीट फंसी हुई है। पूर्व सीएम रमन सिंह की भी सीट फंस गई है।पीएम मोदी ये नहीं बोलते कि हमने छत्तीसगढ़ के लिए ये किया इसलिए वोट दो, बीजेपी ने छत्तीसगढ़ ने अन्याय किया है। रमन सिंह भी नहीं

कहते कि उन्होंने 15 साल में क्या किया? आरोपों को लेकर प्रमोद तिवारी ने कहा, हमने जो बीजेपी पर जो आरोप लगाया, उसका दस्तावेज दिया। पनामा घोटाला, राशन कार्ड घोटाला, नकली दवा का हमने दस्तावेज भी दिया। महादेव ऐप के खिलाफ सबसे पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने कार्रवाई की। छत्तीसगढ़ पुलिस ने 2022 में गूगल कारपोरेशन को पत्र लिखा है कि महादेव ऐप के एप्लीकेशन को बंद किया जाए, जबकि नमो ऐप नाम से दर्जनों ऑनलाइन गेमिंग ऐप चल रहा। ईडी उसकी जांच कब करेगी, जिसके गाड़ी में नोट पकड़ा गया, बीजेपी के नेता बृजमोहन अग्रवाल, जो अमर अग्रवाल का भाई है, उनकी गाड़ी है। बीजेपी के तमाम बड़े नेताओं के साथ आरोपियों का फोटो है, 500 करोड़ रुपए लेकर आने वाला बीजेपी का नेता है। बीजेपी का वकील कहता है, दुबई से पैसा आया है। अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर किसका पहरा है, केंद्र में किसकी सरकार है? ईमेल करने वाला बीजेपी नेता को करता है। वीडियो जारी करने वाला बीजेपी का नेता है।

कांग्रेस ने ईडी से इन सभी तथ्यों की जांच की मांग की है, इसके साथ ही केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि ऑनलाइन जुआ-सट्टा पर टैक्स लगाकर केंद्र ने लीगल कर दिए है। केंद्र सरकार ऑनलाइन सटोरियों से कमीशन ले रहें है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23